हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 8 जून 2025
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

तापमान
अधिकतम 38.6 डिग्री
न्यूनतम 25.2 डिग्री

आर्य नगर में बीस साल से न सड़क और न ही नाली, सालों से सुविधा नहीं 12



जवाहर मार्केट की पार्किंग हटाने के विरोध में व्यापारी संघ का प्रदर्शन 12



न्यु ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
हमारे यहां सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी

वालकिंस स्किन क्लिनिक
Valkin's
USFDA स्वीकृत अत्याधुनिक उपचार
एंटी एजिंग BOTOX व FILLERS
परामर्श सिर्फ 199/-
डॉ. सुकृति अरोरा
एम.डी. गोल्ड मेडलिस्ट
पद्मनाभपुर, दुर्ग
7880090220

### संभाग स्तरीय काउंसिलिंग में 286 अतिशेष शिक्षकों की पदस्थापना में भी दिक्कतें

# संभाग से भी बाहर जाएंगे 11 गणित व्याख्याता और उर्दू-अंग्रेजी के शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

पद नहीं होने की वजह से जिले से अतिशेष हुए शिक्षकों व व्याख्याताओं को संभाग स्तरीय पदस्थापना देने के लिए शनिवार को काउंसलिंग की गई। 286 अतिशेष शिक्षकों की पदस्थापना में भी अब दिक्कतें आई। इसलिए कि दुर्ग संभाग में भी 11 अतिशेष गणित विषय के व्याख्याताओं के लिए पद ही नहीं है। इसी तरह उर्दू व अंग्रेजी के पद नहीं है। इन विषयों के शिक्षकों व व्याख्याताओं को अब राज्य स्तर पर अपनी पदस्थापाना के लिए मशक्कत करनी पड़ेगी।



शिक्षकों को आदेश पत्र देते हुए संभाग संयुक्त संचालक ठाकुर।

### व्यवसायिक विषयों के शिक्षकों को रखा अलग

दुर्ग संभाग में व्याख्याता ई संवर्ग व्यवसायिक विषयों के शिक्षकों को काउंसलिंग से पृथक रखना पड़ा। इसलिए कि रेडियो व टेलीविजन, इलेक्ट्रिकल व डेयरी के पद दुर्ग संभाग में खाली नहीं है। इन अतिशेष व्याख्याताओं की सूची लोक शिक्षण संचालनालय को भेजनी पड़ी है।

### टी संवर्ग में 21 शिक्षकों की काउंसलिंग

संभाग स्तरीय काउंसलिंग में टी संवर्ग के 21 शिक्षकों की काउंसलिंग की गई। गणित के दो, कला के 11 ,विज्ञान के 7 और हिन्दी के 1 शिक्षक यहां पहुंचे और उनकी पदस्थापना आदेश जारी किया गया। इन विषयों के एक भी शिक्षक अनुपस्थित नहीं हुए।

### ई-संवर्ग के 141 शिक्षकों में 7 गैरहाजिर

ई संवर्ग के 141 अतिशेष शिक्षकों की पदस्थापना शुरू की गई। जिसमें से गणित विषय के 74 और कला विषय के 67 शिक्षकों की काउंसलिंग की जानी थी। इनमें से 7 शिक्षक काउंसलिंग से अपने को अलग रखा। जिसमें 4 गणित व 3 कला विषय के शिक्षक रहे।

### व्याख्याता टी संवर्ग के 3 व ई संवर्ग के 11 पहुंचे

काउंसलिंग में टी संवर्ग के 3 व्याख्याता और ई संवर्ग के 11 व्याख्याता पहुंचे। टी संवर्ग में गणित, संस्कृत और भौतिक के एक-एक और ई संवर्ग में वाणिज्य के 2 और गणित के 9 व्याख्याता शामिल हैं। वाणिज्य विषय के एक व्याख्याता काउंसलिंग से गैर हाजिर रहे।

### ई संवर्ग के 110 की हुई काउंसलिंग

ई संवर्ग के 110 व्याख्याताओं को काउंसलिंग के लिए बुलाया गया था। जिसमें विज्ञान विषय के 76 व्याख्याता, हिन्दी विषय के 31 और संस्कृत, उर्दू व वाणिज्य के कुल 3 व्याख्याताओं की पदस्थापना करने के लिए स्कूल चयन करवाया गया। विज्ञान के एक व्याख्याता नहीं पहुंचे।

### पिछली सरकार में बंफर तबादले

जिला शिक्षा विभाग के सूत्रों के मुताबिक पिछली सरकार में शिक्षकों ने दुर्ग जिले में आने के लिए बंफर तबादले करवाए। हाल यह था कि जिन स्कूलों में पद ही नहीं था वहां भी राज्य से तबादले करवाकर शिक्षक आ पहुंचे। अधिकारियों पर राजनैतिक दबाव बनाकर शिक्षकों ने स्कूलों में ज्वाइनिंग करवा ली। हाल यह था कि दूर दराज यानी दीगर जिले से भी तबादले करवाकर बड़े पैमाने पर शिक्षक यहां पहुंचे। सरकार बदलने के बाद वर्तमान भाजपा सरकार ने युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया शुरू कर दी जिसमें सर्वाधिक प्रभावित यानी अतिशेष में आने वाले शिक्षक ज्यादा हैं।

### पद नहीं उनकी सूची राज्य को प्रेषित

“ दुर्ग संभाग में भी गणित व्याख्याता सहित व्यवसायिक के पद रिक्त ही नहीं हैं। इसलिए उनकी सूची राज्य को भेज दी गई है। राज्य स्तरीय काउंसलिंग से उनकी पदस्थापना होनी है।

**आरएल ठाकुर**, संयुक्त संचालक, दुर्ग संभाग

# बेटे ने पिता को ईंट से मारकर कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



▪ बेटा-बहू के विवाद को शांत कराने पहुंचा था मृतक

बेटा-बहू के विवाद में पिता की हत्या करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ धारा 296, 351(2), 115(2), 103 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि राहटादाह धमधा निवासी मुसाफिर दास मारकंडे ने शिकायत किया। 24 मई की रात बडे. पिता धरमपाल मारकंडे अपने घर में खाना खाकर आराम कर रहे थे। इस दौरान बेटा शंकरदास मारकंडे का पत्नी लीला मारकंडे के साथ विवाद चल रहा था। इस दौरान धमरपाल मारकंडे ने बेटा शंकर को विवाद करने पर मना किया। इसी बात को लेकर शंकर ने पिता धरमपाल को गाली गलौज कर घर पर पड़े ईंट उठाकर सिर पर हमला कर दिया। घटना में धरमपाल सिर व बायां आंख में गंभीर चोट आई। उपचार के लिए जिला अस्पताल दुर्ग भेजा गया। जहां उपचार के बाद 4 जून को धरमपाल ने दम तोड़ दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी पुत्र शंकर दास मारकंडे को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दुर्ग में दाखिल किया।

### इंस्टाग्राम में दोस्ती फिर किया अनाचार, गिरफ्तार

**भिलाई।** इंस्टाग्राम से दोस्ती कर युवती को शादी का झांसा देकर अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 69 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि डिपरापारा तखतपुर बिलासपुर निवासी करण यादव नामक युवक ने युवती से पहले इंस्टाग्राम में दोस्ती कर मिलने बुलाया। फिर शादी का झांसा देकर युवती से अनाचार किया। आरोपी से पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल दुर्ग भेज दिया है।



## खबर संक्षेप

### होटल के गल्ले से 55 हजार कैश पार

**भिलाई।** होटल का शटर तोड़कर गल्ले में रखा गया कैश लेकर अज्ञात फरार हो गया। छावनी पुलिस ने बताया कि मकान नं एलआईजी 1/3038 कैलाश नगर हाउसिंग बोर्ड जामुल निवासी निकेश पिन्यानी निरंकारी स्वीट्स दुकान का संचालक है। 4 जुन रात अज्ञात ने लिंक रोड स्थित उक्त स्वीट्स दुकान का शटर तोडकर गल्ले में रखा कैश 55 हजार रुपए लेकर फरार हो गया। सुबह लोगों ने फोन पर सूचना दिया कि दुकान का शटर टूटा हुआ है। मौके पर पहुंचकर चेक किया तो गल्ले में रखा रुपए गायब मिला। होटल का सारा सामान बिखरा पड़ा मिला।

### दबंगई दिखाने वाले युवक को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** शराब पीने के लिए रुपए नहीं देने पर मारपीट कर एक्टिवा वाहन को लूटने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि आजाद मोहल्ला कैम्प-1 निवासी दयाल प्रकाश भतिजा युवराज यादव घर में रखे एक्टिवा सीजी-07 सीव्ही 4566 को बिना बताये मैदान की ओर लेकर गया था। प्रशांत दुबे ने युवराज को घर लेकर आया उसे चोट लगा हुआ था। युवराज ने पुलिस को बताया कि कैम्प में निवासी आदित्य उर्फ टिड्डी साथियो के साथ आया और शराब पीने के लिये रुपए मांग रहा था। पैसा नही देने पर आरोपी साथियों के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। वैशाली नगर प्रभारी अमित अदानी ने तुरंत टीम बनाकर आरोपी आदित्य सिंह उर्फ टिड्डी को पकड़ लिया।

# फर्जी सिम बेचकर धोखाधड़ी करने वाले दो पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** फर्जी सिम को अधिक कीमत पर बेचकर धोखाधड़ी करने करने वाले दो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि सुंदर विहार कॉलोनी एयरटेल कंपनी की प्रमोटर जामुल निवासी सीता देवी यादव थी। उसका साथी मंगल बाजार छावनी निवासी मुनेंद्र यादव जियो कंपनी में काम करता था। दोनों बिना जान पहचान और दस्तावेज लिए साइबर अपराध करने वालों को महंगे दामों पर सिम बेचा करते थे। ग्राहकों का आधार और अन्य दस्तावेज को स्कैन कर सॉफ्टवेयर में अपलोड कर रख लेते थे। उसी दस्तावेज से अलग-अलग दो सिम आबंटन कर दस्तावेज धारक को एक सिम और साइबर ठग को अधिक रकम पर सिम दिया करते थे। कुरुद निवासी आशीष चतुर्वेदी के नाम से दो सिम कार्ड आबंटन होने की जानकारी हुई। तब पुलिस में शिकायत होने पर मामले का खुलासा हो पाया।



# लोन दिलाने फर्जी अधिकारी बनकर ठगी, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



पीएम आवास के नाम पर ठगी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि ग्राम बड़े टेमरी निवासी निजेन्द्र बारले ने बोरी पुलिस थाने में शिकायत कराया था। ग्राम तिलईभाठ जिला राजनांदगांव निवासी चेतन कुमार वर्मा बैंक ऑफ बड़ौदा का फर्जी अधिकारी बनकर उसके गांव पहुंचा था। उसने पीएम आवास योजना के तहत लोन दिलाने के नाम पर भोले भाले ग्रामीणों को अपने झांसे में लिया। जब ग्रामीण लोन के लिए तैयार हो गए तो चेतन दस्तावेज लिया और लोन दिलवाने के नाम पर उसने 34 हजार रुपए फोन पे के जरिए ले लिए। जब पैसा देने के बाद भी ग्रामीणों को लोन नहीं मिला तो आरोपी चेतन के बारे में जानकारी ली गई। जैसे ही ग्रामीणों को पता चला कि चेतन फर्जी बैंक अधिकारी बनकर आया था। तुरंत ग्रामीण पुलिस थाना बोरी पहुंच गए। 3 जून 2025 को थाना बोरी थाना के लिटिया सेमरिया चौकी पुलिस जांच शुरु किया। पुलिस ने जब मामले की जांच करने पर पता चला कि चेतन कुमार वर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर लोन दिलाने के लिए अलग-अलग गांवों के कई लोगों को शिकार बनाया है। चेतन बकायदा चार पहिया वाहन सीजी 08 बीबी 8804 से अलग-अलग गांव जाता था। वाहन को 1400 रुपए प्रतिदिन किराया देता था। जिस गांव में वो जाता था वहां के लोगों को जमा कर प्रधानमंत्री आवास योजना का लोन दिलाने का झांसा देता था। उनका फॉर्म भरवाकर धोखा दिया करता था। कार्रवाई में चौकी प्रभारी संतोष साहू समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### दोस्त के खाते में मंगाता था पेमेंट

आरोपी इतना शातिर था कि वो फॉर्म भरने के बाद ग्रामीणों से नकद पैसा खुद रखता था और जो लोग ऑनलाइन पेमेंट करते थे उस पेमेंट को वो अपने दोस्त ग्राम फरहद जिला राजनांदगांव निवासी अतेश गंजीर के खाते में ट्रांसफर करवाता था। इसके बाद उस रकम को दोनों बराबर-बराबर लिया करते थे।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
पलकों का न खुलना
टोसिस PTOSIS का ईलाज
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

### ग्रामीणों की शिकायत के बाद फैक्ट्री सील

# बिना लाइसेंस चल रहा था कोनारी में गुटखा फैक्ट्री का गोरखधंधा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग/भिलाई

खाद्य एवं औषधि प्रशासन के नाम के नीचे पिछले लंबे समय से ग्राम कोनारी में गुटखा फैक्ट्री का गोरखधंधा चल रहा था। औषधि प्रशासन विभाग की सांठगांठ से फैक्ट्री ने करोडों रूपए कारोबार भी कर लिया। जब ग्रामीणों ने शिकायत की तो कलेक्टर ने जांच के आदेश दिए। जिसके बाद हरकत में आए औषधि प्रशासन विभाग के अफसरों ने फैक्ट्री में जांच कर छापामार कार्यवाही की है। जहां डेढ करोड रूपए से अधिक का गुटखा जप्त कर फैक्ट्री सील कर दिया गया है। टीम ने बिना लाइसेंस संचालित गुटखा फैक्ट्री में दबिश देकर डेढ़ करोड़ से अधिक का माल जब्त किया। कोनारी में अवैध फैक्ट्री संचालित होने की लगातार जानकारी मिल रही थी। जिले के ग्राम अंडा-कोनारी में कोमल फूड प्रोडक्ट नाम से एक फैक्ट्री लंबे समय से संचालित थी। जांच में पता चला कि, वहां बिना लाइसेंस के गुटखा तैयार किया जा रहा था। दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर एक टीम बनाई गई। 4 जून को टीम ग्राम कोनारी स्थित कोमल फूड प्रोडक्ट फैक्ट्री में दबिश दिया। जब फैक्ट्री के भीतर जांच की गई तो कच्ची खड़ी सुपारी और कच्ची कटी सुपारी जब्त की गई। खाद्य एवं औषधि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि, फैक्ट्री के भीतर से सुपारी का सैंपल लिया। सैंपल को जांच के लिए टीम ने रायपुर लैब भेजा है। विभाग के मुताबिक जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई किया जाएगा।



### डेढ़ करोड़ से अधिक का सामान जब्त

टीम ने फैक्ट्री से खड़ी सुपाड़ी (कच्ची) 1050 बोरी कुल 52500 किलोग्राम। कीमत 1 करोड़ 20 लाख 75 हजार रुपए, कटी सुपाड़ी (कच्ची) 247 बोरी कुल 12350 किलो ग्राम, कीमत 33 लाख 34500 रुपए, कुल जब्ती की कीमत 1 करोड़ 54 लाख 9500 रुपए का होना बताया गया है। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रिचा शर्मा, नारद खोमरे, खीर सागर पटेल सहित अन्य मौजूद थे।

### दो दिन बाद फैक्ट्री सील

फैक्ट्री को सील करने के बाद खाद्य एवं औषधि विभाग के अधिकारी 4 जून को फिर से कोमल फूड प्रोडक्ट फैक्ट्री पहुंची। इस दौरान फैक्ट्री संचालक को तलब किया। फैक्ट्री संचालक के खिलाफ फैक्ट्री को खुलवाया गया। इसके बाद सील कर पंचनामा तैयार किया। जबकि यह कार्यवाही पांच जून से देर रात से जारी था।

### कार्रवाई होगी

“ रिपोर्ट मिलने के बाद फैक्ट्री संचालक पर नियमानुसार कार्यवाही होगी। जरूरत पडी तो ग्रामीणों से भी बयान लेगें।

**-अभिजीत सिंह,** कलेक्टर दुर्ग

### उच्चदाब उपकेन्द्र का ऊर्जीकरण

**राजनांदगांव।** छग स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा अंबागढ़ चौकी, बांधाबाजार, आमाटोला एवं चिल्हाटी क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में 2 करोड़ 8 लाख रुपए की लागत से एकटकन्हार-कौडीकसा-अंबागढ़ चौकी 29 किमी नई 33 केव्ही लाइन का निर्माणकर विद्युत प्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ीकृत किया गया है। इससे ग्रामीणों को गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति की जाएगी।

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
न्यूरोलॉजी विभाग
• सिर दर्द (माईग्रेन)
• मिर्गी • लकवा
• ब्रेन ट्यूमर
• ब्रेन हेमरेज
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
02 जून, 15 जून, 14 अगस्त,
04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री,
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

GET READY FOR 2025 ADMISSIONS
BCA | BBA | M.A ENGLISH
B.A | B.Com | M.Com
B.Lib | DCA | M.Sc CHEMISTRY
M.Lib | PGDCA | M.Sc BIOTECHNOLOGY
B.Sc Biotechnology Microbiology Biology Computer Sc. Maths | M.Sc BOTANY | M.Sc COMPUTER Sc
M.Sc ZOOLOGY | M.Sc MATHS
Affiliated to Hemchand Yadav University, Durg
SUNDAY OPEN
SAI COLLEGE
Street-69, Sector-6, Bhilai
70248 86996, 99770 01027
Deepak Advts.

## खबर संक्षेप



### सेल का डिफेंस कॉन्क्लेव स्वदेशी और आयात प्रतिस्थापन पर हुआ मंथन

**भिलाई**। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) द्वारा दुर्गापुर के अपने अलॉय स्टील्स प्लांट (एएसपी) में सेल-डिफेंस कॉन्क्लेव का आयोजन किया। सम्मेलन में भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारियों ने भी भाग लिया। यह कार्यक्रम आत्मनिर्भरता, स्वदेशीकरण और आयात प्रतिस्थापन के विषयों पर केंद्रित था। ऑर्डिनेंस फ़ैक्टरिज समेत प्रमुख रक्षा प्रतिष्ठानों के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस कॉन्क्लेव क विचार-विमर्श में भाग लिया। सेल के निदेशक वीएस चक्रवर्ती और राउरकेला स्टील प्लांट के प्रभारी निदेशक व दुर्गापुर और बर्नपुर स्टील प्लांट के अतिरिक्त प्रभारी निदेशक आलोक वर्मा शामिल थे। सम्मेलन के दौरान हुई चर्चा में, मैटेरियल स्पेसिफिकेशन में बेहतर तालमेल, स्वदेशी प्रौद्योगिकी अपनाने और महत्वपूर्ण रक्षा जरूरतों को पूरा करने में सेल की भूमिका के विस्तार की संभावनाओं पर बातचीत हुई।

### बीआरएम ने रचा उत्पादन कीर्तिमान



**भिलाई**। भिलाई इस्पात संयंत्र की बार एवं रॉड मिल (बीआरएम) की टीम ने 5 जून मे 12 मिमी टीएमटी बार में 3381 टन (1642 बिलेट्स) का उत्पादन कर एक नया 'दिवस कीर्तिमान' स्थापित किया। इससे पूर्व यह कीर्तिमान 26 सितंबर 2024 को 3368 टन (1635 बिलेट्स) का था। कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने उपलब्धी पर कहा कि बीआरएम की निरंतर सफलता में प्रत्येक कर्मचारी का योगदान महत्वपूर्ण है। सीजीएम योगेश शास्त्री ने पूरी मिल बिरादरी को बधाई दी। कार्यक्रम मे महाप्रबंधक एसएन त्रिपाठी, आशीष, शाश्वत मोहंती, शिखर तिवारी तथा उप महाप्रबंधक तुषार श्रीखंडे आदि उपस्थित थे।

### रूआबांधा में संत कबीर प्राकट्य महोत्सव आज

**भिलाई**। मानिकपुरी पनिका समाज भिलाई के तत्वावधान में कबीर मंदिर रुआबांधा में 8 जून को को सद्गुरू कबीर साहेब प्राकाट्य महोत्सव मनाया जायेगा। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद बघेल होंगे। अध्यक्षता पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू करेंगे। वहीं अति विशिष्ट अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकार, महापौर रिसाली नगर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर व पार्षद आदि होंगे। कार्यक्रम सुबह 9 बजे से रात 8 बजे तक जारी रहेगा। इसमें कलश यात्रा भी निकाली जाएगी जो नगर का भ्रमण करेगी। महंत देवदास द्वारा भजन, सत्संग व प्रवचन भी होगा। दोपहर 1 बजे आदर्श पंडवानी ग्रंथ गायन सदगुरू कबीर प्राकट्य कथा त्रिवेणी साहू ग्राम पिरदा बेमेतरा प्रस्तुत करेगी। शाम 5 बजे सात्विक आनंदी चौका महंत देवदास मोहतरा करेंगे।

### संभागायुक्त ने पन्द्रह दिन के अंदर दावा आपत्ति के दिए निर्देश

# भारतमाला से प्रभावित किसानों की दावा आपत्ति के जरिए होगी सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

टेडेसरा से आरंग तक बन रहे भारतमाला परियोजना के अधिग्रहण में गडबडी सामने आने के बाद पिछले दो साल से भटक रहे किसानों को राहत मिलेगी। किसानों के हस्तक्षेप के बाद अब संभागायुक्त द्वारा नए सिरे दावा आपत्ति लिया जाएगा। इस मसले को लेकर आदेश छः जून को जारी कर दिया गया है। इस दिनांक से आगामी पन्द्रह दिन के अंदर आवेदन करने होगें।

उल्लेखनीय है कि, भारतमाला परियोजना को लेकर दुर्ग जिले में सैकडों शिकायत सामने आई हैं। जिसमें सीधे तौर पर भू अर्जन अधिकारी पर गडबडी किए जाने के आरोप लगे है। जिसकी पीडा किसानों ने सडक पर उतरकर दिखाई भी है।, पिछले दिनों किसानों ने इस मामले को लेकर सडक पर आंदोलन भी किया था। लेकिन जिला प्रशासन द्वारा कई किसानों की गिरफ्तारी कर ली गई थी। दुर्ग के देवादा से लेकर रायपुर के अभनपुर तक बनने वाले सिक्सलेन में राजस्व अधिकारियों द्वारा मुआवजा राशि जारी करने में जमकर बंदरबांट की गई हैं।

एक ही तरह के जमीन का अलग अलग मूल्यांकन कर गडबडी की गई हैं। इस मामले की शिकायत लगातार किसानों ने की थी। इसके पहले भी पीडित किसानों द्वारा उमरपोटी गांव से होकर जा रहे सडक निर्माण कार्य बंद करा दिया गया था। इससे पहले अरसनारा में भी आंदोलन कर चुके हैं। वही नवंबर माह में हिन्दी भवन के सामने प्रदर्शन कर चुके। उमरपोटी के किसानों ने मौके पर बैनर लगाकर कहा था कि, नियम के अनुसार मुआवजा नही दिया जाएगा तब तक यहां काम शुरू नही होगा। भारतमाला परियोजना के तहत दुर्ग जिले में करीब 12 गाँव के किसान और भू-स्वामी प्रभावित हैं। इनकी जमीन 2018 से अधिग्रहित कर ली गई है। आज 6 वर्ष हो गए इन्हें मुआवजा नहीं मिला है।

**खास बातें**

- दुर्ग और पाटन के किसान हुए हैं प्रभावित
- अब तक की शिकायत में सामने आई कई गड़बड़ियां
- आर्थिक अन्वेषण ब्यूरो भी कर रहा मामले की जांच

**जिले में 120 से अधिक किसान पहले ही लगा चुके आपत्ति**



#### छोटी जमीन का भी हेक्टेयर में मूल्यांकन

मुआवजा गणना में सबसे बडी खामी यह है कि, छोटे जमीन यानि पांच सौ वर्ग मीटर से कम की जमीन का मूल्यांकन इस्क्वेयर फीट में करना है। लेकिन राजस्व अधिकारियों ने इसकी गणना हेक्टेयर से कर दिया है। जिसके चलते किसानों को 75 फीसदी से ज्यादा नुकसान हो रहा हैं। दुर्ग जिले में जिन भू-स्वामियों की जमीन परियोजना के तहत अधिग्रहित की गई है, उन्हें मुआवजा हेक्टेयर में दी जा रही है। जबकि केन्द्र शासन द्वारा ही यह नियम निर्धारित की गई है, उसका जिला प्रशासन द्वारा अनेदखी की गई।

#### सवा सौ से अधिक आपत्तियां, अवार्ड पत्र नहीं मिला

भू-स्वामी धनोरा के शिव चंद्राकर का कहना है कि, मैं एक सेवानिवृत्त व्यक्ति हूं। मेरी जमीन भी परियोजना के मध्य में आ रही है। मैं अपनी जमीन पर भू-अधिग्रहण के पहले ग्राम पंचायत से अनुमति लेकर पक्का मकान बनवाया है और उसमें परिवार के पालन पोषण के लिए छोटा सा व्यवसाय कर रहा हूँ। भूमि अधिग्रहण से मेरा व्यवसाय दिन जाएगा। मुआवजा नही मिलने से नाराज 120 भू-स्वामियों के जमीन पर आपत्ति लगाए है। बडी बात यह है कि, पीडित किसानों को अवार्ड पत्र भी नहीं दिया गया है। जबकि सबकी रजिस्ट्री अधिसूचना जारी होने के पहले की है।

**कर सकते हैं आपत्ति**

दुर्ग और पाटन के प्रभावित किसानों की सूची जिला प्रशासन के वेबसाइड में जारी कर प्रकाशन कर दी गई है। किसान अगर आपत्ति करना चाहे तो पन्द्रह दिन के अंदर आवेदन पेश कर सकते है।

-सत्यनारायण राठौर, संभागायुक्त दुर्ग

# रेलवे कालोनी की डामर सड़क निर्माण में गड़बड़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंगरगढ़

रेल्वे कालोनी के लोगों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने रेल्वे प्रशासन करोडों की स्वीकृति दे रहा है किन्तु रेल्वे के अधिकारी मुख्यालय में बैठकर फाईलो में ही निर्माण कराकर ठेकेदार को लाभ पहुंचा रहे है। अधिकारियों की अनदेखी के कारण रेल्वे क्वाटर मरम्मत के अभाव में जर्जर होते जा रहे है।

वर्तमान में कालोनी की खस्ताहाल सड़कों को सुधारा जा रहा है। कालोनीवासियों ने बताया कि पुरानी सडक की स्केलिंग तो दूर बिना सफाई के ही ठेकेदार ने पुरानी सडक पर रोलर चलाकर रातो रात सडक बना दिया है।

**फिलिंग नहीं कराया**

सडक निर्माण के बाद पटरी की फिलिंग भी नहीं किया गया है। सडक के आजु बाजु डामर की मोटी परत जमीन से 3 से 4 इंच तक ऊंची हो गई है जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है। यह मार्ग केन्द्रीय विद्यालय, फुटबाल ग्राउंड, इंडियन गैस एजेंसी, सेंट पीटर स्कूल, क्रास पहाडी, कब्रिस्तान एवं श्मशान घाट को जोड़ता है।

शैलदेवी महाविद्यालय
ADMISSION OPEN
BA (Home Science Geography)
BSc (Maths CS/Bio)
BCom
MCom
MA Hindi
MSC Chemistry/CS
BCA
DCA
PGDCA
MSW
B.Lib
PG Diploma in YOGA
Anda, Durg
☎ : 9575037637, 6265377477
7880172431, 7880172432

# जवाहर मार्केट की पार्किंग हटाने के विरोध में व्यापारी संघ का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई




जवाहर मार्केट व्यापारी संघ भिलाई ने शनिवार को बीएसपी व नगर निगम द्वारा निशुल्क सार्वजनिक पार्किंग को हटाने के विरोध में प्रदर्शन किया । व्यापारी संघ का कहना है कि इस निर्णय व्यवसाय पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। पार्किक को यथावत नहीं रखे जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

- यथावत नहीं रखने पर दी आंदोलन की चेतावनी

व्यापारी संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष नरेश छाबड़ा और चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने जारी बयान में कहा कि रोजगार कार्यालय के पास स्थित खाली भूमि पर नए निर्माण कार्य सेलम स्टील प्लांट के बर्तनों का आउटलेट खोलने बीएसपी की ओर से योजना बनाई जा रही है। यह वही स्थान है जिसे लंबे समय से व्यापारी और ग्राहकों द्वारा पार्किंग स्थल के रूप में उपयोग किया जा रहा था।

व्यापारियों का कहना है कि यदि इस स्थल पर निर्माण कार्य शुरू हुआ तो जवाहर मार्केट की एकमात्र निशुल्क पब्लिक पार्किंग समाप्त हो जाएगी, जिससे न सिर्फ व्यापार प्रभावित होगा बल्कि ग्राहकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। बीएसपी और नगर निगम 12 मई 2017 को हुई बैठक में पुराना रोजगार कार्यालय स्थित पार्किंग स्थल पर मल्टी स्टोरी पार्किंग बनाई जाने के लिए अनापत्ति माँगा था,व्यापारी संघ ने बीएसपी प्रबंधक और जिला प्रशासन से मांग की है की मौजूदा पार्किंग स्थल को यथावत रखा जाए। यदि मांगों को अनसुना किया गया तो व्यापारियों द्वारा आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

### अंडा में स्वास्थ्य जागरुकता शिविर आज

**अंडा**। ग्राम पंचायत भवन अंडा में स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम शिविर 8 जून को सुबह 10 बजे से रखा गया है। इस कार्यक्रम अतिथि जया रवि वर्मा, साथ ही साथ क्षेत्र के जनपद सदस्य अजीत चन्द्राकर, ग्राम पंचायत अंडा सरपंच दिग्विजय सिन्हा उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम संयोजक संजय कुमार साहू ने कहा कि इस स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम शिविर को सफल बनाने महिला समूह, ग्रामीण जनों से अनुरोध है कि अधिक संख्या में पहुंचकर भाग लें।

### कोक ओवन विभाग में सुरक्षा सजगता पुरस्कार कार्यक्रम में कार्मिक पुरस्कृत

**भिलाई**। बीएसपी के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग (सीओ एंड सीसीडी) में 6 जून को ठेका श्रमिकों के लिए सुरक्षा सजगता पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन मुख्य महाप्रबंधक तुलाराम बेहरा के मुख्य आतिथ्य में मुख्य महाप्रबंधक सभागार में किया गया। इस अवसर पर विभाग के ठेका कर्मियों को सुरक्षा सर्वोत्तम सुरक्षा अनमोल एवं सुरक्षा दक्ष श्रेणियों में पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे जे तुलसीदासन, महाप्रबंधक प्रभारी एस रॉयचौधरी, महाप्रबंधक प्रभारी झगर सिंह, विभागीय अनुभाग अधिकारी, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं एचआर अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम मेंमेसर्स नवीन कुमार, मेसर्स धीरज ट्रेडर्स, मेसर्स एचएससीएल, मेसर्स रोजी एंटरप्राइजेज एवं मेसर्स एम पी कंस्ट्रक्शन के कर्मचारियों को "सुरक्षा सर्वोत्तम" पुरस्कार, मेसर्स जे बी ट्रेडर्स, मेसर्स नवीन कुमार, मेसर्स एम मोहन एवं मेसर्स सरकार एंटरप्राइजेज के कर्मचारियों को सुरक्षा अनमोल तथा विभिन्न ठेकेदारों के 33 कर्मचारियों को सुरक्षा दक्ष पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### महिलाओं ने खोला मोर्चा, वार्ड 12 के लोगों को दिक्कत

# आर्य नगर में बीस साल से न सड़क और न ही नाली, सालों से सुविधा नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई





जिला प्रशासन, नगर निगम भिलाई सहित कई नेताओं से शिकायत के बाद भी 20 साल से सड़क और नाली जैसे मूलभूत सुविधाओं के लिए आर्य नगर कोहका वार्ड 12 भिलाई के निवासी जूझ रहे है। ज्ञापन देते देते लोगों की चप्पले घिस गई लेकिन कोई हल नहीं निकला। अब आक्रोशित वार्डवासियों ने चुनाव बहिष्कार की चेतावनी देते हुए नगर निगम से टैक्स वापस करने की मांग की है। जिससे वे स्वयं नाली का निर्माण कर सके। बहरहाल महिलाएं मोर्चा खोलते हुए सड़क की लड़ाई लड़ने मैदान में उतर चुकी है। आर्य नगर कोहका वार्ड 12 के निवासी नरकीय जीवन जीने को मजबूर। वार्ड का पार्षद गिरधर बंटी साहू है, जो नगर निगम भिलाई का सभापति भी है। महिलाओं ने बताया कि कई बार पार्षद से नाली निर्माण की मांग की गई है, लेकिन पार्षद का कहना है कि आर्य नगर से मुझे वोट नहीं मिला इस कारण यहां नाली नहीं बन सकता। महिलाओं का कहना है कि आयुक्त ने बताया कि वे लोग अवैध कालोनी में रह रहे हैं। इस वजह से इन समस्याओं से जूझ रहे हैं। इस पर महिलाओं ने कहा कि लंबे समय से प्रॉपर्टी टैक्स निगम वसूल रहा है, इसके बदली में सड़क और नाली की समस्या का निराकरण किया जाए।

#### आयुक्त ने कहा लेंगे जायजा

आयुक्त ने कहा कि वे मौके का जायजा लेंगे। घरों में उपयोग होने वाले पानी की निकासी के लिए नाली की व्यवस्था नहीं है। नाली बजबरा रहा है। घरों में सांप, बिच्छु जैसे जहरीले कीड़े घुस रहे है। इससे भी जान का खतरा बना रहता है। इस दौरान रेखा बघेल, शीतल वर्मा, जानकी साहू, पूष्पलता जंघेल, विमला वर्मा, रेखा जंघेल, रूपा देवी, जानकी जंघेल, भारती जंघेल, महेश्वरी जंघेल, केशर वर्मा, रेखा देवी, विभा संह, सोनिया महतो, बसंत देवांगन, श्याम सुंदर वर्मा मौजूद थी।

Affiliated with CBSE, New Delhi
CBSE Affiliation Number : 3330368
LEELA'S PUBLIC SCHOOL
NURSERY TO CLASS XII
MATHS - BIO - COMMERCE - HUMANITIES
- Huge Academic and Sports Campuses.
- Audio Visual Class Rooms
- Volleyball Grounds & Table Tennis, Cricket Net.
- Basket Ball, Badminton, Foot Ball
- Experienced Teachers
- Complete Music, Drama & Dance
- Lawn Tennis





ADMISSIONS OPEN
www.leelasgroup.com
info@leelasgroup.com
Main Campus
Leela's Knowldge Park, Block - A,B,C, Greater Raipur, Motipur ,Tah.-Patan, Dist.-Durg
City Campus
Leela's Foundation For Education & Health, Institutional Area Behind Mukharjee Hostel, Govt. Science College, Raipur
83198 70997, 79741 31808

## खबर संक्षेप

### धर्म जागरण समन्वय की गोष्ठी का आयोजन बीटीआई दुर्ग के सभागार में आज

**भिलाई।** धर्म जागरण समन्वय द्वारा बीटीआई के सभागार दुर्ग में आज एक गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस गोष्ठी को धर्म जागरण के अखिल भारतीय प्रमुख शरद गजानन ढोले संबोधित करेंगे। गोष्ठी का विषय भारत में बढ़ती जनसंख्या, मतांतरण एवं समाधान रखा गया है। धर्म जागरण समन्वय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मूलभूत गतिविधि है इस राष्ट्रवादी संगठन का मुख्य उद्देश्य हिंदू संगठनों को मजबूती प्रदान करना एवं मतांतरण को रोकने के साथ ही घर वापसी कार्यक्रम को मजबूती प्रदान करना है। यह संगठन वर्ष भर हिंदू धर्म की संस्कृति संरक्षण के लिए कार्य करता है। इस गोष्ठी के मुख्य अतिथि दुर्ग महापौर अलका बाघमार, दुर्ग नगर विधायक गजेंद्र यादव और ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर भी मौजूद रहेंगे। इस गोष्ठी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सभी अनुवांशिक संगठनों की भी उपस्थित रहेगी एवं शासन प्रशासन समाज के हर वर्ग के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं साथ ही धर्म जागरण समन्वय की प्रांतीय गतिविधि वर्ग की 8 जून से 10 जून तक संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए धर्म जागरण समन्वय जिला दुर्ग के आयाम प्रमुख संजय मिश्रा, सूर्य प्रकाश शुक्ला और ओमप्रकाश रजक ने संस्था के सदस्यों के साथ ही आम जनता से अधिक से अधिक संख्या मे शामिल होने अपील की।

## निधन

### ललित कुमार साहू



**जामगांव आर।** ग्राम परसाही(टी) निवासी समाजसेवी ललित कुमार साहू का निधन गुरुवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन दुर्ग जिला महिला विंग अध्यक्ष भारती सोनबेर एवं भुनेश्वर साहू के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### बल्देव राम साहू



**भिलाई।** केम्प 1 निवासी बल्देव राम साहू का आकस्मिक निधन 7 जून को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 8 जून को किया जाएगा। उनकी शव यात्रा निज निवास केम्प 1 से निकाली जाएगी। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### पुनाबाई देशमुख



**दुर्ग।** कसारीडीह निवासी पुनाबाई देशमुख का शनिवार शाम 4 बजे निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 8 जून रविवार प्रातः 9.30 बजे उनके निवास स्थान कसारीडीह से शिवनाथ नदी मुक्तिधाम के लिए रवाना होगी। वे स्वर्गीय झन्ना देशमुख, स्व. राधेश्याम देशमुख एवं दुर्ग जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष संजय देशमुख की मां थीं।

### ग्राम पंचायत असोगा के पंचवन सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा का मामला

# शासकीय जमीन से अतिक्रमण हटाने अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

शासकीय ज़मीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने में पाटन के अधिकारियों के पसीने छूट रहे हैं जिसके चलते संबंधित विभाग से तारीख पे तारीख देकर समय को टाला जा रहा है। अधिकारियों के सामने पंचायत की प्रस्ताव बौना साबित हो रहा हैं। वहीं अतिक्रमणकारियों का हौसला बुलंद होती जा रही हैं।

यह मामला हैं ग्राम पंचायत असोगा की है जहां ग्राम पंचायत असोगा के पंचवन सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले लोगों के खिलाफ ग्राम पंचायत ने अवैध कब्जा हटाने पंचायत में प्रस्ताव किया था। साथ ही कब्जा हटाने के लिए समाधान शिविर में भी कब्जा हटाने आवेदन दिया गया था। ग्राम पंचायत द्वारा अवैध कब्जा हटाए जाने की मांग के बाद तहसीलदार पाटन द्वारा 28 मई को कब्जा हटाने का समय निर्धारित किया गया था लेकिन उक्त तिथि को समाधान शिविर में व्यस्तता होने का हवाला देकर कब्जा नहीं हटाया गया। उसके बाद 3 जून की तिथि निर्धारित हुआ लेकिन पर्याप्त बल नहीं होने की हवाला देकर अवैध कब्जा हटाने की बात कहते हुए कब्जा हटाने की कार्रवाई नहीं की गई। लगातार दूसरी बार कब्जा हटाने की कार्रवाई नहीं किए जाने से पंचायत प्रतिनिधि, राजस्व विभाग की टालमटोल करने की रवैये से नाराजगी जाहिर किए हैं। सरपंच जानकी चोपड़िया ने कहा कि राजस्व विभाग द्वारा लगातार दूसरी बार कब्जा हटाने टालमटोल कर दिया गया है। अब पंचायत प्रतिनिधि कलेक्टर से मिलकर कब्जा हटाने की मांग करेंगे। कार्रवाई नहीं होने से गांव में अधिकारियों के प्रति आक्रोश पैदा हो रही है। वहीं पंचायत पदाधिकारियों ने पाटन एसडीओपी को आवेदन सौंपकर बल प्रदान करने की मांग किये। साथ ही जल्द अतिक्रमण हटाने में सहयोग के लिए मांग किये। जिसके बाद पाटन एसडीएम से मुलाक़ात कर ज्ञापन सौंपा गया जिसमें त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन आचार संहिता के दर्मियान ग्राम असोगा में जिस-जिस जगह पर अतिक्रमण मकान निर्माण, अहाता निर्माण, शौचालय निर्माण अतिक्रमणकारियों के द्वारा अतिक्रमण किया गया है। उक्त स्थल से अतिक्रमण विधिवत हटाने की कार्यवाही करने का की मांग की है जिससे कि आम जनता को परेशानी न हो।

कब्जा हटाने पंचायत पदाधिकारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



## विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधारोपण



**सेलूद।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जवाहर वर्मा परिवार द्वारा भुतर्रा तालाब पार में बगरद व पीपल के पौधे का रोपण किया गया । जवाहर वर्मा ने कहा कि अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और अपने बच्चों को भी पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाएं। हमें मिलकर आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ वातावरण का निर्माण करना है। यह पहल केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि हमें इन पौधों के संरक्षण और संवर्धन का भी संकल्प लेना चाहिए। वृक्ष हमारे जीवन के लिए अति आवश्यक है। ये न केवल शुद्ध हवा प्रदान करते हैं, बल्कि जल, भूमि और जैव विविधता की रक्षा भी करते हैं। ग्रामीण वासियों से अपील की कि वर्षा ऋतु प्रारंभ होने से पहले अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाएं। उन्होंने कहा कि यदि हम आज पौधे नहीं लगाएंगे, तो भविष्य में हमें मरुस्थलीकरण जैसी स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। पर्यावरण की रक्षा के लिए यह जरूरी है कि हर व्यक्ति अपने घर के आसपास पौधे लगाए । इस अवसर पर जवाहर वर्मा, दऊवाराम वर्मा, सरपंच खिलेश मारकंडे, जयश्री वर्मा, दानेश्वर वर्मा, रवि पटेल, कुशल देव मारकंडे, केशव यादव, प्रज्ञा वर्मा सहित परिवार के लोग शामिल थे ।

# कुपोषण मुक्ति के चयनित ग्राम पंचायतों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कर रहे गृहभेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

महिला एवं बाल विकास जिला दुर्ग कुपोषण से सुपोषण की ओर अग्रसर है। विभाग द्वारा कुपोषण को कम करने के लिए समुदाय में पोषण संबंधी जागरुकता आए इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं जिसमें सभी कुपोषण मुक्ति के चयनित ग्राम पंचायतों में सतत गृहभेट आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है। अजय कुमार साहू जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी जिला दुर्ग ने बताया कि कुपोषण मुक्ति के लिए चलाए जा रहे अभियान से लोगों में जागरुकता आ रही है। कई स्थानों पर चिप्स, कुरकुरे और अन्य प्रकार के पैकेट वाले खाद्य पदार्थ कुपोषित बच्चों के सेहत को खराब कर रहे हैं। यह जानकारी परिवारों को होने पर अब धीरे-धीरे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो रहे हैं। ऐसी ही कहानी परियोजना दुर्ग ग्रामीण अंतर्गत सेक्टर रसमड़ा के ग्राम गनियारी के आंगनबाड़ी केंद्र 1 की कुपोषित बालिका कृषा ठाकुर उम्र 2 वर्ष 6 माह की है जो कि मध्यम कुपोषित में थीं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जब गृहभेट में गई तो उसने देखा कि बालिका को बाहरी पैकेट वाले फूड खाने की आदत थी इस कारण से उसका वजन नहीं बढ़ रहा था और उसे सामान्य में आने के लिए 800 ग्राम की कमी थी। फिर कार्यकर्ता मिथिलेश देवदास नियमित गृहभेंट करके खान-पान संबंधी सलाह दी और सबसे पहले बाहर के पैकेट वाले चिप्स और अन्य खाद्य पदार्थों को न खिलाने की समझाइश दी।गृहभेट के दौरान शशि रैदास पर्यवेक्षक द्वारा घर के बने हुए भोजन, रेडी टू ईट का नियमित उपयोग , अंकुरित अनाज, चना, गुड़ मूंगफली और मौसमी फल को शामिल कराया गया ।महिला बाल विकास विभाग द्वारा दिए गए डाइट चार्ट को पढ़ाकर समझाया और घर वालों को इसका नियमित पालन करने के लिए कहा गया।



■ सतत देखभाल से सुपोषित हुई कृषा

# चावल उत्सव में मिला तीन माह का एकमुश्त चावल



**निकुम।** ग्राम निकुम में प्रदेश सरकार के आदेशानुसार चावल उत्सव मनाया गया। जिसमें हितग्राहियों को तीन माह का चांवल एकमुश्त दी गई। बता दें कि 1 जून से 7 जून तक चावल उत्सव का आयोजन किया जा जा रहा है। इस दौरान पात्र राशनकार्ड धारियों लगभग 1100 परिवारों को जून, जुलाई, अगस्त 2025 की राशन साम्रगी एकमुश्त वितरित की जा रही है। इस दौरान ग्राम सरपंच निकुम भागवत पटेल ने कहा कि शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी परिवारों को मिले, मोदी सरकार की गांरटी का लाभ सभी को मिले, वहीं संचालक को कहा कि समस्त राशन कार्डधारियों को समय पर तय मात्र में राशन मिले। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य माधव प्रसाद देशमुख, सेवा सहकारी समिति निकुम अध्यक्ष भैय्या लाल साहू, रोशन देशमुख, पवन देवांगन, पंचराम धनकर, धनेश्वरी देशमुख सहित बड़ी संख्या में चावल लेने हितग्राही पहुंचे।

## सोसायटियों में किसानो को खाद्य बीज उपलब्धता के लिए दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने जिले के समस्त सोसायटियों में खाद्य, बीज की उचित उपलब्धता व भंडारण की व्यवस्था के लिए मंडी सचिव, ज़िला सहकारी केन्द्रीय बैंक के सीईओ व समिति प्रबंधक को फ़ोन और पत्राचार के माध्यम से निर्देश प्रदान किया। कुछ दिनों से प्रदेश में बारिश का सीजन चालू हो गया है, मानसून दस्तक दे दी है किसान भाई बहन खेती किसानी के कार्य में लग गए है खेती किसानी के काम को देखते हुए आगामी खरीफ सीजन के लिए जिले के सभी सोसायटियों में किसानों को उनकी डिमांड के अनुसार मानक स्तर के खाद-बीज की सरलता से उपलब्धता सुनिश्चित कराने अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए हैं। राज्य में खाद-बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। किसान साथियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इस संबंध में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खरीफ सीजन में किसान भाईयों द्वारा डीएपी खाद की मांग ज्यादा की जाती है। इसको ध्यान में रखते हुए डीएपी खाद की मांग के अनुरूप सतत आपूर्ति पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं।



## तिरगा में स्वच्छता अभियान चलाकर किया पौधारोपण




**अंडा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत तिरगा के सरपंच घसिया राम देशमुख के नेतृत्व में और सर्जना युवा समिति, ग्राम के महिला मण्डल, युवा संगठन, स्व सहायता समूह, शालेय बच्चे, विद्यालय स्टॉफ के साथ मिलकर सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया और पौधारोपण भी किया गया। साथ ही पूर्व से रोपित पौधों की ट्री गार्ड से सुरक्षित कर पानी सिंचित किया गया। सरपंच ने बच्चों को वर्तमान पर्यावरण के प्रदूषण व पेड़ पौधों के महत्त्व से अवगत कराया। वहीं अधिक से अधिक पेड़ लगाकर संरक्षित करने का अपील किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य पी रामटेके, सर्जना समिति अध्यक्ष हेमंत ऋषि, रघुनाथ देशमुख, बीरेंद्र निषाद, डोमन देशमुख, अजय देशमुख, घनश्याम सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### सत्या खो-खो क्लब के चार खिलाड़ी चयनित




**उतई।** सत्या खो-खो क्लब ग्राम पुरई के चार सब जूनियर खिलाड़ी राज यादव, मयंक पटेल, गुलशन नवरंगे और चांदनी यादव का चयन दुर्ग जिले के टीम के लिए चयनित हुए हैं। ये चयनित खिलाड़ी छत्तीसगढ़ अमेच्योर खो-खो संघ के द्वारा आयोजित 5वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर खो-खो प्रतियोगिता 2025 का आयोजन में भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता 6 जून से 8 जून तक ग्राम लैलूंगा जिला रायगढ़ में आयोजित है। इन सभी खिलाड़ियों को सत्या खो-खो क्लब के अध्यक्ष गुलाब साहू, उपाध्यक्ष शिव कुमार साहू, सरपंच डोमार सिंह साहू, उपसरपंच शीतला ठाकुर, मुख्य प्रशिक्षक भुनेश्वर साहू, थालेश्वर साहू, मोरजध्वज पटेल, गजेन्द्र कुमार साहू आदि ने इन खिलाड़ियों की उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाई दिए हैं।

### डुन्डेरा में आंगनबाड़ी का हुआ उद्घाटन



**उतई।** ग्राम डुन्डेरा में पार्षद द्वय विक्रम चंद्राकर एवं रोहित धनकर के आतिथ्य में दो नवीन आंगनबाड़ी केन्द्रों का उद्घाटन हुआ। ये आंगनबाड़ी केन्द्र रिसाली नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डुन्डेरा वार्ड 35 एवं वार्ड 36 में प्रारंभ किए गए हैं। इस दौरान आंगनबाड़ी सुपरवाइजर शिल्पा श्रीवास्तव, रोमशंकर यादव, इंद्रजीत सोनवानी, दुर्गेश साहू, पवन बंजारे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हुलसी साहू, हेमलता साहू, बीना यादव, सुनीता देवांगन, अन्नपूर्णा सोनवानी एवं सहायिका दिलेश्वरी साहू, ग्रामीण ओंकेश्वर साहू, रोशन साहू, उत्तरा साहू, कांति विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### तम्बाकू सेवन के दुष्प्रभाव की दी जानकारी



**सेलूद।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग डॉ. मनोज दानी के निर्देश तथा खंड चिकित्सा अधिकारी पाटन डॉ. भुवनेश्वर कठौतिया के मार्गदर्शन में ब्लॉक के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर फेकारी में जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। जहां पर आरएचओ बसंत कुमार साहू ने ग्रामीणों को तम्बाकू, बीड़ी, सिगरेट, शराब आदि के सेवन से मनुष्य एवं समाज को होने वाले नुकसान व दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि तम्बाकू उत्पादों में बहुत ही खतरनाक रासायनिक पदार्थ पाये जाते हैं जो हमारे शरीर के लिए अत्यंत हानिकारक होते हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से आरएचओ बसंत साहू, मधु साहू, सीएचओ लाभेश्वरी यदु, मितानिन प्रेरक सुमन वर्मा, मितानिन हेमपुष्पा साहू, पंचबाई यादव, देवला ठाकुर, ममता यदु, रामदुलारी साहू, हिरमोतीन साहू आदि के साथ ग्रामीण उपस्थित थे।

### एसएमएस 3 ने दिया पर्यावरण का संदेश



**भिलाई।** पर्यावरण दिवस स्टील मेल्टिंग शॉप-3 और आरएमपी-3 के कार्मिकों ने पौधारोपण किया। प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करने का लिया संकल्प लिया। स्टील मेल्टिंग शॉप-3 टीम ने मेसर्स इनोमोटिक्स इंडिया के साथ यह कार्यक्रम किया। परिसर में एरिका पाम, विद्या, टगर चांदनी और मधुकामिनी के पौधे रोपित किये गए। महाप्रबंधक पुष्पा एम्ब्रोज़ ने प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने का आह्वान किया। मेसर्स इनोमोटिक्स के टीम लीडर श्री कुबेर जेना ने पौधारोपण पर जोर दिया। जीएम डी एल कुमार, पी सतपथी, एसके मिश्रा, डी के वार्ष्णय आदि उपस्थित थे। आरएमपी 3 मे भी पौधारोपण किया गया। सीजीएम प्रभारी तापस दासगुप्ता के मुख्य आतिथ्य थे। नीम, करंज और बादाम के पौधे रोपित किए गए। कार्यक्रम में महाप्रबंधक प्रभारी रतन मुखर्जी, महाप्रबंधक वीरेन्द्र वोगले, मनोरंजन संध, संजय नायक व दिगेन्द्र कुमार वर्मा आदि उपस्थित थे।

### कौशल विकास के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण शुरू



**पाटन।** जय जोहार सेवा जोहार समाज सेवी संस्थान छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पंजीकृत संस्थान है, जहां 2 जून से पाटन जिला दुर्ग छग में विद्यार्थियों को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसका शुभारंभ पाटन नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश भाले द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि नेता प्रतिपक्ष आभाष दुबे, नगर पंचायत सभापति देवेंद्र ठाकुर, नगर पंचायत सभापति केवल देवांगन, उप नेता प्रतिपक्ष दीपक यादव, पार्षद प्रतिनिधि सरजू साहू और प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले समस्त विद्यार्थीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान की अध्यक्ष पूजा पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन उमाशंकर निर्मलकर व लक्ष्मी निर्मल द्वारा किया गया। इस केंद्र में बच्चों को निःशुल्क ट्रेनिंग दिया जाएगा। जिसके लिए व्यापक प्रचार प्रसार भी किया गया है।

### सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में सम्मान समारोह आयोजित

# जीवन को संवारने में संस्कार निभाता है महती भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में सम्मान समारोह आयोजित कर 5वीं, 8वीं एवं 10वीं में विद्यालय स्तर पर टाप फाइव विद्यार्थियो एवं उनके माता-पिता का सम्मान भगवान राम की तैल चित्र भेंट कर किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सेजस जामगांव आर प्राचार्य चेतना ठाकुर थीं। अध्यक्षता विद्यालय समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने किया व विशेष अतिथि सेवानिवृत्त प्रधान पाठक डॉ. छगनलाल सोनवानी समाज कल्याण विभाग अधिकारी आरके ठाकुर मर्रा पूर्व सरपंच तुलाराम वर्मा एवं साहू समाज के तहसील उपाध्यक्ष डॉ.गुलाब सिंह साहू थे। विद्यालय की ओर से निपानी सोसायटी अध्यक्ष बेनीराम साहू ने मोमेंटो भेंट कर मुख्य अतिथि प्राचार्य चेतना ठाकुर का स्वागत किए। मुख्य अतिथि सेजस प्राचार्य चेतना ठाकुर ने कहा कि जीवन को संवारने में संस्कार महती भूमिका निभाती है। शिक्षा और संस्कार जिस व्यक्ति के पास है वह व्यक्ति समाज का आदर्श बन जाता है, रोल मॉडल बन जाता है। विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का काफी महत्व होता है जो बच्चे अनुशासन में चलते हैं, माता-पिता, गुरु की बातों पर ध्यान देते है उनका परिणाम उनके उज्ज्वल भविष्य की ओर संकेत देते हैं। सरस्वती शिशु मंदिर में टॉप फाइव विद्यार्थी सम्मान पाने वाले बच्चों के माता-पिता उपस्थित होकर गौरवान्वित हो रहे हैं। प्रत्येक बच्चों को ऐसे ही राह चुनना चाहिए जिसमें माता-पिता, गुरु गौरवान्वित हो सके। उन्होंने कहा कि जो बच्चे सम्मान पाने से इस साल चूक गए अगली बार अच्छी मेहनत करके अपनी माता-पिता को गौरव सम्मान अवश्य दिलाए। नर्वस नहीं होवे मेहनत करे।



### विद्यार्थियों और माता-पिता को किया सम्मानित

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर ने विद्यालय स्तर पर कक्षा 10वीं, 8वीं, 5वीं के टाप फाइव विद्यार्थियों जिसमें 10वीं में झील चंद्राकर 94.33 प्रतिशत, माधवी 90.5, विनय 87. 83, विभा 85. 6, साधना 80.5 प्रतिशत, 8वीं में तान्या साहू 91.83, उपासना साहू 86.5, तन्नू साहू 86, साहित्य पटेल 71.17, प्रभाकर 71 एवं 5वीं पूर्वी बंजारे 77 प्रतिशत, नूतन ठाकुर 74.5, दीपांशु साहू 73.5, खुशांत पटेल 71 और ख्याति निर्मलकर 70.5 प्रतिशत प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं माता-पिता को गौरवान्वित किए। इन विद्यार्थियों एवं इनके माता-पिता को भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर सतवन बंजारे, खोजन बंजारे टेमरी, आशा ठाकुर, कुंती पटेल तवेरा, ओमिन गबदी, हेमलता साहू रनचिराई, वर्षा साहू भरर, ढालेश्वरी साहू, मनहरण पटेल आदि उपस्थित थे।

# शिक्षा भूमि Congratulations

## जीवन में शिक्षा का बहुत अधिक महत्व होता है




जीवन में शिक्षा का बहुत अधिक महत्व होता है। शिक्षा मानव जीवन का अभिन्न अंग है। शिक्षा और ज्ञान न केवल व्यक्तिगत विकास के लिए आवश्यक है, बल्कि यह अर्थव्यवस्था के विकास के लिए भी आवश्यक है। शिक्षा एक व्यक्ति की सोच का पोषण करती है और उन्हें जीवन में सोचने, कार्य करने और आगे बढ़ने की क्षमता प्रदान करती है। शिक्षा लोगों को सशक्त बनाती है और उन्हें काम के संबंधित क्षेत्रों में रहने और अनुभव के सभी पहलुओं में कुशल बनने में मदद करती है। शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है, यह लोगों के दिमाग को खोलती है और सोच-समझ, आगे बढ़ने और विकास करने की क्षमता प्रदान करती है। शिक्षा एकमात्र मूल्यवान संपत्ति है जिसे मनुष्य प्राप्त कर सकता है। शिक्षा एकमात्र आधार है जिस पर मानव जाति का भविष्य निर्भर करता है।



बचपन में शिक्षा उच्चतर माध्यमिक के माध्यम से बच्चों के जीवन के प्रारंभिक वर्षों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह उनके व्यक्तित्व, काम करने की क्षमता को आकार देता है और उनकी वास्तविक क्षमता को खोजने में मदद करता है। प्रशिक्षण और कौशल विकास के लिए उच्च शिक्षा आवश्यक है। इसलिए शिक्षा, सभी रूपों में और जीवन के किसी भी बिंदु पर, हमारे जीवन में एक अनिवार्य भूमिका निभाती है। हम जब भी शिक्षा के बारे में सोचते हैं, सबसे पहले हमारा ध्यान नॉलेज प्राप्त करने पर जाता हैं। शिक्षा एक ऐसा उपकरण है जो हमारा ज्ञान, कौशल, तकनीक बढ़ाता है। साथ ही, हमें हमारे कर्तव्य को जानने में भी सक्षम बनाती है। शिक्षा ही हमें अपने आस-पास की दुनिया का ज्ञान देती है। शिक्षा राष्ट्र के विकास में सबसे महत्वपूर्ण होती है।

### शिक्षा से खुलता है विकास का रास्ता

शिक्षा के बिना, हम कुछ भी नया कर या सोच नहीं सकते हैं यानी हम नए विचार नहीं ला सकते हैं। इसका मतलब, शिक्षा के बिना किसी भी प्रकार का विकास संभव नहीं है। शिक्षा जीवन में आगे बढ़ने और विकास का एक अनिवार्य पहलू है। इसके बिना किसी देश के विकास के लिए एक उत्कृष्टता की संभावना बहुत कम है। शिक्षा चरित्र निर्माण के साथ-साथ लोगों के व्यक्तित्व को आकार देने में एक आवश्यक भूमिका निभाती है। समाज के सभी लोगों को, युवाओं को शिक्षा के अधिकार का हकदार होना चाहिए। क्योंकि युवाओं को शिक्षित करके ही एक देश अपने भविष्य के विकास और प्रगति को सुनिश्चित कर सकता है। शिक्षा हमारे इतिहास, संस्कृति और हमारे अतीत के बारे में जानने में हमारी मदद करती है। समाज में सभी को जीवन में शिक्षा की आवश्यकता और उद्देश्य को समझना चाहिए। व्यक्ति सोचने और न्याय करने की अपनी क्षमता के साथ पैदा होता है।

### भविष्य के लिए सोच-समझ कर लें सही निर्णय

बच्चों के रुचि का क्षेत्र बचपन में ही उनके मन में सेट हो जाते हैं, इन सबकी तैयारियां वे स्कूल लाइफ से ही शुरु कर देते हैं क्योंकि उनकी जड़ें जितनी मजबूत होंगी, उतने ही ज्यादा बेहतर तरीके से वे अपना कैरियर बना पाएंगे। मान लीजिए किसी बच्चे को क्रिकेट में कैरियर बनाना है तो वह बचपन से उसकी प्रैक्टिस करता है, उसकी ट्रेनिंग लेता है। जिन्हें गायन या डांस में अपना कैरियर बनाना है वे उनकी क्लास ज्वाइन करते हैं, तभी आगे चलकर वे इस क्षेत्र में महारथ हासिल करते हैं। 9वीं या 10वीं के बाद बच्चों को यह निर्णय लेना पड़ता है, उन्हें कौन-सा सब्जेक्ट लेना है। इसीलिए 10वीं कक्षा से कैरियर के प्रति सजग हो जाना चाहिए। बच्चों को किस क्षेत्र में कैरियर बनाना है उस क्षेत्र में माता-पिता को उनकी तैयारियां शुरू करवा देना चाहिए। कई बच्चे जो कैरियर के प्रति तैयारियों में असमंजस में रहते हैं तो काउंसलर्स उनकी मदद कर सकते है। बिना पक्षपात के काउंसलर्स उनके बारे में पूरी जानकारी हासिल कर लेते है कि बच्चों की रुचि किस विषय में है। उनकी योग्यता क्या है, उन्हें किस दिशा में अपनी तैयारियां करनी चाहिए। इसलिए कैरियर की प्लानिंग के दौरान इस बात का खास ध्यान रखा जाना चाहिए कि आपकी रुचि किस क्षेत्र में हैं और उसी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रयास करना चाहिए ताकि आप अपने कैरियर की ऊंचाइयों को हासिल कर सकें।

FOCUS ON EDUCATION










### एजुकेशन से संभव है सफलता की ऊंची उड़ान


शिक्षा हासिल करने के लिए उम्र या समय की कोई सीमा नहीं होती। एजुकेशनल क्वालिफिकेशन कभी भी बढ़ाई जा सकती है। तभी तो लाखों नौकरीपेशा लोग हर साल वोकेशनल कोर्सेस के लिए एप्लाय करते हैं। वहीं कई लोग लंबे अंतराल के बाद भी पत्राचार के माध्यम से अपनी आगे की पढ़ाई पूरी करते हैं। इनमें सभी प्रकार के अंडरग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स शामिल हैं। मैनेजमेंट से संबंधित कई डिप्लोमा कोर्स युवाओं में बेहद पॉपुलर हैं। जो कि स्टडी लीव लेकर पूरे किए जा सकते हैं। इनसे न सिर्फ एजुकेशनल बैकग्राउंड मजबूत होता है बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ता है। पढ़ाई करते रहने से आप हमेशा काम के व्यक्ति बने रहते हैं। ध्यान रखें, अपडेटेड प्रोफेशनल्स ही आज डिमांड में हैं। स्टूडेन्ट लाइफ में कुछ पल ऐसे आते हैं जो आपका भविष्य तय कर देते हैं।

सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है अपनी पसंद के मुताबिक कॅरियर तय करना। आपका नॉलेज, आपका व्यवहार और आपकी पर्सनालिटी। ये तीनों ऐसे फैक्टर हैं जो कुछ हद तक ये क्लीयर कर सकते हैं कि आपको किस फील्ड में कॅरियर बनाना है। स्कूली शिक्षा के समय से ही जीवन में ऐसे पड़ाव आते हैं जहां आप थोड़ा रुककर खुद से पूछ सकते हैं कि आगे क्या करना है।



### मौजूद हैं कई विकल्प

यह बहुत अच्छा संकेत है। अब भिलाई को एजुकेशन हब के तौर पर भी जाना जा रहा है। हर साल हजारों बच्चे दूर-दूर से यहां पढ़ने आते हैं। हमारे लिए यह बहुत ही अहम बात है, गर्व का क्षण है और ऐसा मील का पत्थर है जहां से सिर्फ ऊंचे शिखर ही दिखाई देते हैं।






# हरिभूमि लाइव

रायपुर, रविवार 8 जून 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129


04



फैशन

## लाइव इवेंट

## वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने हुई संगोष्ठी, पर्यावरण सहेजने ली शपथ



**भिलाई।** वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक प्रदुषण को समाप्त करने के विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन छावनी में किया गया। जिसमे पर्यावरण पर प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के विषय पर चर्चा की गई। पर्यावरण दिवस के अवसर पर हरिओम इंगोट्स एन्ड पावर लिमिटेड कंपनी छावनी में पर्यावरण सप्ताह की शुरुवात की गयी। प्लांट के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से पर्यावरण दिवस पर राष्ट्रीय स्तर पर जारी थीम एडिंग प्लास्टिक पोल्यूशन ग्लोबली यानी वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक प्रदुषण को समाप्त करना है पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। जिसमे हमारे पर्यावरण पर प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के विषय पर चर्चा की गयी तथा प्लास्टिक के रोजाना उपयोग को खत्म करने तथा प्लास्टिक के विकल्पों को लेकर समस्त कर्मचारियों को दिशा निर्देशन देते हुए पर्यावरण पर बुरे असर की समुचित जानकारी उपलब्ध करा जागरूक किया गया। साथ ही मिशन लाइफ की मिशन लाइफ -लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरनमेंट <\\>/" के तहत सभी कर्मचारियों को जागरूक कराया गया। जिसमें अपने घरो के आसपास खली जगहों पर सघन वृक्षारोपण करने, भूमिगत जल स्तर को संग्रक्षित करने और अन्य प्रदुषण से संबंधित जानकारी प्रदान कर सभी उन्हें जागरूक किया गया। कंपनी के सभी कर्मचारियों द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर एकमत हो कर प्लास्टिक के रोजाना दिनचर्या उपयोग को खत्म करने के साथ ही अपने आस पड़ोस में भी प्लास्टिक से होने वाले पर्यावरण के नुकसान से सभी को जागरूक करने की शपथ ली।


## सिटी इवेंट

## आईआईटी भिलाई और आईएमटी नॉर्ड यूरोप के बीच अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूती देने एमओयू



**भिलाई।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई (आईआईटी भिलाई) ने फ्रांस के इंस्टीट्यूट माइन टे ले कॉ म (आईएमटी) नॉर्ड यूरोप के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन एम ओ यू पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता भारत और फ्रांस के बीच शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय साझेदारी को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आईआईटी भिलाई की ओर से संस्थान के निदेशक प्रो. राजीव प्रकाश ने इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में आईआईटी भिलाई के अंतरराष्ट्रीय मामलों के कार्यालय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस रणनीतिक साझेदारी का उद्देश्य दोनों संस्थानों के बीच आपसी हित के क्षेत्रों में संयुक्त प्रयासों को बढ़ावा देना है। यह समझौता शिक्षा, अनुसंधान और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के माध्यम से दोनों संस्थानों के सर्वांगीण विकास की दिशा में सहकारिता को मजबूत करेगा। समझौते के अंतर्गत, आईआईटी भिलाई के स्नातक और स्नातकोत्तर छात्र फ्रांस में अध्ययन करने और संयुक्त डिग्री प्राप्त करने का अवसर प्राप्त कर सकेंगे, जिससे उन्हें अंतरराष्ट्रीय अनुभव और वैश्विक शैक्षणिक दृष्टिकोण मिलेगा। यह सहयोग विशेष रूप से यांत्रिक अभियांत्रिकी, पॉलिमर और कंपोजिट सामग्री, मेकाट्रॉनिक्स तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता से युक्त कंप्यूटर विज्ञान जैसे प्रमुख क्षेत्रों में केंद्रित रहेगा, जिनमें दोनों संस्थानों की विशेषज्ञता और नवाचार की अपार संभावनाएं हैं। यह समझौता आईआईटी भिलाई के उस विजन के अनुरुप है, जिसमें वह एक जीवंत और समावेशी अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक वातावरण को बढ़ावा देने की दिशा में कार्यरत है। साथ ही, यह भारत और फ्रांस के शैक्षणिक संस्थानों के बीच बढ़ती सहयोग की भावना को भी दर्शाता है। यह साझेदारी न केवल दोनों संस्थानों के शैक्षणिक और अनुसंधान विकास को सशक्त बनाएगी, बल्कि संबंधित क्षेत्रों के सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी।

## जीवन जीने की कला सिखाती हैं संत कबीर की वाणी, मनाया प्रकट उत्सव



**भिलाई।** पनिका मानिकपुरी समाज द्वारा ग्राम कुथरेल में सदगुरु कबीर साहेब का प्रकट उत्सव समारोह का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित होकर सदगुरु कबीर साहेब की पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान काफी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। पूजा अर्चना के बाद विधायक ने उपस्थित लोगो को संत कबीर साहेब के वचनों को बताते हुए कहा कि सदगुरु कबीर साहेब के उपदेश आज भी समाज को सत्य, समानता और करुणा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उनके विचार मानव कल्याण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और हमें समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित करते हैं। संत कबीर ने निस्वार्थ भाव से जीवन जीने की महत्ता पर बल दिया और बताया कि सच्ची भक्ति के लिए आवश्यक है कि हम लालच और मोह से मुक्त हों। मानव में मानवता का भाव रहना चाहिए।

## बीएसपी द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन मिनी ओलंपिक समर कैंप का हुआ समापन

# अनुभवी प्रशिक्षकों व खिलाड़ियों ने खेलों के गुर सीखने मैदान पर बहाया जमकर पसीना, 23 केंद्रों में 141 प्रशिक्षकों ने निखारी प्रतिभाएं

भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 2025 का समापन समारोह पंत स्टेडियम सेक्टर 1 के फुटबाल ग्राउंड में आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण शिविर के दौरान 29 प्रशिक्षण केंद्रों में बीएसपी व गैर बीएसपी शालाओं के 2200 से अधिक खिलाड़ियों को 141 अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा 23 विभिन्न खेलों प्रशिक्षित किया गया। खेल शिविर के आयोजन में भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं, सीएसआर तथा शिक्षा विभागों ने सक्रिय भूमिका अदा की। प्रतिवर्ष आयोजित इस शिविर में बच्चे बड़ी संख्या में भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं।



### बेहतरीन सुविधाओं के साथ आयोजन करने किया प्रोत्साहित

मुख्य अतिथि सुब्रत मुखोपाध्याय ने सभी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि हर साल इस ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में बच्चों की संख्या बढ़ रही है और बच्चें खेल में आगे बढ़ रहे है। उन्होंने बच्चों के जोश को देखते हुए बीएसपी द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर में खेलों के महत्व, बारीकियों और गरिमा पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों से राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए योग्य बनने और अधिक मेहनत करने की बाते कही। प्रतिभागियों के उत्साह को देखते हुए उन्होंने सभी खेलों के लिए खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, बीएसपी प्रबंधन के सक्रिय सहयोग और क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के कार्मिकों को इस प्रशिक्षण शिविर के लिए हर साल बेहतरीन सुविधाओं के साथ आयोजन करने प्रोत्साहित किया। समारोह के दौरान पवन कुमार ने अपने उद्बोधन से सभी खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए भरोसा दिलाया की भिलाई इस्पात संयंत्र आने वाले समय में इससे भी बेहतर योगदान देगा, ताकि यहाँ के बच्चे खेल एवं अन्य विधाओं में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भिलाई का नाम रौशन कर सकें।

### शारीरिक व मानसिक विकास के साथ अनुशासन जरूरी

समापन समारोह में स्वागत उद्बोधन देते हुए मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर ने ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि खेल बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास, समयबद्धता एवं अनुशासन साथ–साथ बच्चों की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने के लिए भी महत्वपूर्ण है जिससे इन प्रतिभाओं को पुरस्कृत किया जा सके। बीएसपी प्रबंधन का ये लक्ष्य है कि ऐसे खेल गतिविधियों के माध्यम से उनके कर्मियों व परिजनों, खिलाड़ियों व बच्चों की प्रतिभा को उजागर किया जाए। उन्होंने खेल में बच्चों के उत्साह को देख हर्ष जताया और इस प्रशिक्षण में उपस्थित नन्हे प्रतिभाओं के उज्वल भविष्य की कामना की।

### 23 खेलों में बच्चे हुए पारंगत, बारीकियों को जाना

ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में शामिल 23 खेलों में जिम्नास्टिक, रिले रेस, बॉक्सिंग, कुश्ती, कराटे, जूडो, एथलेटिक्स, बैडमिन्टन, बॉल बैडमिन्टन, बास्केटबॉल, शतरंज, क्रिकेट, फुटबॉल, हैंण्डबॉल, हॉकी, जूडो, पावर लिफ्टिंग, कबड्डी, टेनिस, टेबल टेनिस, वालीबॉल, योगा, सायकल पोलो, कराटे, फेंसिंग, जिम्नास्टिक, खो-खो, नेटबॉल, भारोत्तोलन इन सभी खेलों का समापन अवसर पर खिलाड़ियों द्वारा कुछ खेलों का शानदार प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुप्रियो सेन ने किया।



### प्रशिक्षकों को पुरस्कार व प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और टी-शर्ट

इस समापन समारोह में विभिन्न खेलों के प्रशिक्षकों को पुरस्कार व प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। साथ ही इन सभी प्रतिभागियों को सेल– बीएसपी का टी शर्ट, स्वीट बाक्स प्रदान किये गए। इस कोचिंग कैम्प में सभी बच्चों को इनकी क्षमता के अनुरूप गढ़ा गया और इनकी प्रतिभा को और निखारा गया। आधुनिक प्रशिक्षण के लिए सभी प्रतिभागियों को खेल सामग्री भी उपलब्ध करायी गयी।



### बच्चों को सुविधायुक्त प्रशिक्षण देने आगे बीएसपी संगठन

1977 से अब तक बीएसपी द्वारा आयोजित प्रशिक्षण से सत्तर हजार बच्चे यहां से प्रशिक्षित हुए हैं। जिसमें से लगभग 150 से अधिक बच्चे अब तक नेशनल खेल चुके हैं और अच्छी नौकरी में पदस्थ हैं। साथ ही लगभग आठ सौ बच्चे स्टेट भी खेल चुके हैं। भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा 15 मई से 5 जून तक ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन भिलाई टाउनशिप के विभिन्न क्रीड़ा स्थलों में 23 खेलों के लिए लगभग 141 कुशल प्रशिक्षकों के द्वारा किया गया था। इस ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में बीएसपी व गैर बीएसपी शालाओं के 2200 से अधिक छात्र-छात्रओं ने भाग लिया। इस ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के लिए कुल 29 प्रशिक्षण केंद्र बनाए गए थे, जो विभिन्न खेलों के लिए थे। ऐसा सर्व सुविधायुक्त प्रशिक्षण केंद्र प्रदान करने वाला एकमात्र संगठन भिलाई इस्पात संयंत्र है।



### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर मुख्य अतिथि बीएसपी के कार्यपालक निदेशक सुब्रत मुखोपाध्याय, विशिष्ठ अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक डॉ रविन्द्रनाथ एम, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, नगर प्रशासन एवं सीएसआर उत्पल दत्ता, ओ.ए. के महासचिव परविन्दर सिंह, महाप्रबंधक विजय कुमार शर्मा और पूर्व मुख्य महाप्रबंधक राजीव कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक जनसंपर्क विभाग प्रशांत तिवारी, क्रीड़ा, ओलम्पियन राजेन्द्र प्रसाद, इडी राजीव कुमार, अभिजीत भौमिक, डेनिस क्रस्टी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों सहित विभिन्न खेलों के प्रतिभागी, उनके अभिभावक, प्रशिक्षक, शिक्षा विभाग के पीटीआई, विभागीय कार्यकर्ता और अन्य खेल प्रेमी भी उपस्थित थे।




## शहर में ईदुल अजहा की रौनक रही, मस्जिदों-ईदगाहों में अदा की गई नमाज

# अमन की दुआओं के लिए उठे हाथ, कुर्बानी का सिलसिला शुरू शहर में ईदुल अजहा की रही रौनक, एक-दूसरे को दी बधाई

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** शहर में शनिवार को ईद उल अजहा की रौनक रही। सुबह मस्जिदों और ईदगाहों में हजारो की तादाद में लोगों ने ईद की नमाज अदा की। इसके बाद तीन दिन तक चलने वाला कुर्बानी का सिलसिला शुरू हुआ। वहीं इस्पात नगरी भिलाई से हज पर गए जायरीनों का हज पूरा होने की खुशियां उनके घरवालों ने मनाई।

ईदुअजहा पर शहर की तमाम मस्जिदों ईदगाहों में नमाज हुई। कुर्बानी की रस्म को देखते हुए ईदुल अजहा की नमाज सुबह साढ़े 6 बजे से रखी गई। अशरफी मस्जिद रूआबांधा में पहली जमात सुबह साढ़े 6 बजे और इसके बाद शहर की तमाम मस्जिदों में 7:30 बजे तक अलग-अलग जमाते हुईं। जामा मस्जिद सेक्टर-6 की ईदगाह में ईद की नमाज का वक्त सुबह 8 बजे रखा गया था। यहां हजारों की तादाद में नमाजी उमड़े। नमाज के बाद मुल्क में अमन व तरक्की की दुआएं की गईं। ईदगाह मैदान में मौजूद विभिन्न धर्म व समुदाय के प्रतिनिधियों ने मुस्लिम भाईयों को गले मिल कर ईद की मुबारकबाद दी। भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट की ओर से सभी मेहमानों के लिए सेवईयों का इंतजाम भी किया गया था।

नमाज के बाद घरों में कुर्बानी का सिलसिला शुरू हुआ। लोगों ने अपने अपने सामर्थ्य के अनुरूप बकरों की कुर्बानी दी। यह कुर्बानी लोग अपनी सुविधाअनुसार 8 व 9 जून तक करेंगे। हज के मुबारक सफर पर जायरीनों के घर भी खुशियों का माहौल रहा। लोगों ने फोन और वीडियो कॉल पर बात कर अपने परिजनों को हज पूरा होने की मुबारकबाद दी। इधर ईद की नमाज के बाद लोग कब्रिस्तान भी पहुंचे। जहां अपने परिजनों की कब्र पर फूल चढ़ा कर फातिहा पढ़ी। ईद के मौके पर देर रात तक मुबारकबाद देने एक दूसरे के घरों में लोग पहुंचे। ईद की नमाज को देखते हुए यातायात पुलिस ने ईदगाहों और मस्जिदों के आगे सुबह से ही चाक चौबंद व्यवस्था कर रखी थी।



### अल्लाह की राह में कुर्बानी एक हकीकी मुहब्बत

इस्लामी मामलों के जानकार सैय्यद असलम ने बताया कि हज़रत इब्राहिम अलैहिस्सलाम और हज़रत इस्माईल अलैहिस्सलाम की सुन्नत (अनुसरण) है। इसे ख़ालिक़ ए कायनात ने पसंद फरमाया और हर साहिबे ईमान जिसकी हैसियत हो, उसे कुर्बानी करना वाजिब है। मुसलमानों को रब्बुल आलमीन अल्लाह के अहकाम को पूरा करने ओर उसके हुक्म के लिए वफादार होने और अल्लाह की राह में अपनी महबूब चीज़ को कुर्बान करना एक हकीकी मुहब्बत है। मर्कजी मस्जिद पावरहाउस कैम्प 2 में वाज के दौरान बताया गया कि इंसानियत का दर्द को समझे हर एक जहन्नुम (नरक) से बच जाए ओर दुनिया जाने के बाद हमेशा जन्नत में दाखिल कर दिया जाए। दुनिया में अच्छाई के मार्ग को अपनाएं , बुराईयों के रास्तों को छोड़ कर पड़ोसी, रिश्तेदार, मोहल्ले वासियों से सच्ची मुहब्बत होना चाहिए। मुस्लमानो को चाहिए कि पांच वक्त नमाज पढ़ने वाले बने, झूठ से बचें, धोखा देने से बचें लोगों ने एक दूसरे को गले लगाएं। मुल्क के अमन चैन खुशहाली और तरक्की की दुआएं लेकर लौटें।

## सिटी इवेंट

# बच्चों ने आकर्षक नृत्य व संगीत की दी प्रस्तुति, मिला प्रमाण पत्र



**भिलाई।** गांधी विद्यापीठ राधिका नगर सभागृह में राष्ट्रीय विद्यालय बैकुंठ धाम और गांधी विद्यापीठ राधिका नगर में आयोजित समर कैंप का सामापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दोनों स्कूलों के समर कैंप में भाग लेने वाले छात्र-छात्राएं शामिल थे। समापन समारोह के दौरान बच्चों ने आकर्षक नृत्य व संगीत की प्रस्तुति दी। कैंप में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रमाण पत्र और गोल्ड मेडल से पुरस्कृत किया गया।

- गांधी विद्यापीठ राधिका नगर एवं राष्ट्रीय विद्यालय बैकुंठधाम का संयुक्त आयोजन

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राधिका नगर शिक्षण समिति अध्यक्ष सुरेश कुमार, बलवीर सिंह सचिव, कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर परगनिहा, ओ पी सिंह, कमला देवी यादव, गुरिंदर उभी उपस्थित थे। समर कैंप में मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग ब्लेक बेल्ट हरीश साहू उरला द्वारा दी गई और क्रिकेट के कोच हेमंत साहू द्वारा बच्चों को क्रिकेट की बारिकियाँ सिखाई गई। इस समर कैंप में बैडमिंटन, रेस, क्रिकेट, फुटबॉल, मार्शल आर्ट, डांस और गायन पर सरजीत कौर, अंजलि प्रसाद, किरण, अमरीन सिद्धिकी, रचना मेश्राम द्वारा कला की शैली को सिखाया गया। समर कैंप की सुरक्षा व्यवस्था और प्रबंधन में कमल कुमार महोबिया द्वारा उत्कृष्ट कार्य किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा सुमधुर गीत एवं आकर्षक नृत्य रहा। किसके बाद अध्यक्ष द्वारा बच्चों को अपने उद्बोधन में समर कैंप की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को मोबाइल एवं अन्य कुरीतियों से दूर रहकर अपना कैरियर सवांरने के लिए प्रेरित किया गया। समर कैंप में भाग लिए सभी बच्चों को प्रमाण पत्र एवं गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। अनिता सिंह द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## स्पोर्ट्स इवेंट

# पुरुष फिजिक केटेगरी में रतन सिंह के मिला कांस्य पदक




**भिलाई** । इंटरनेशनल हेल्थ स्पोर्ट्स फिटनेस एंड वेलनेस ट्रेड द्वारा नई दिल्ली में आयोजित प्रतियोगिता में भिलाई के रतन सिंह को कांस्य पदक मिला। 30 मई से 1 जून तक दिल्ली में आयोजित इस प्रतियोगिता में बैंक ऑफ इंडिया भिलाई के रतन सिंह को पुरुष फिजिक केटेगरी में कांस्य पदक प्राप्त हुआ। सरकारी बैंक में काम करने वाले पहले व्यक्ति हैं जो बैंक में कार्य करते हुए बॉडी बिल्डिंग में भी महारत हासिल किये है। रतन सिंह 2015 से बॉडी बिल्डिंग करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता भी बने है।

## धर्म इवेंट

# निर्जला एकादशी पर निकली निशान यात्रा, 3 हजार भक्तों ने ली महाप्रसादी





**दुर्ग।** निर्जला एकादशी के अवसर पर शुक्रवार को कादंबरी नगर स्थित श्याम मंदिर में निशान यात्रा निकाली गई। इस दौरान सुबह से ही निशान यात्रा, सवामणि भोग, भजन संध्या और महाप्रसादी के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर में श्याम बाबा के दर्शन के लिए कड़ी धूप में भी भक्त आधे किलोमीटर से भी अधिक लंबी लाइन लगी रही। इस अवसर पर मंदिर में लगभग 3 हजार लोगो ने महाप्रसाद ग्रहण किया। निर्जला एकादशी के अवसर पर सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालओं द्वारा पैदल निशान लेकर मंदिर पहुंचने का सिलसिला पूरे दिन जारी रहा और शाम होते-होते श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा। शाम से देर रात 10 बजे होने वाली शयन आरती तक बड़ी संख्या में लोगों ने निर्जला एकादशी के अवसर पर लंबी-लंबी कतार लगाकर बाबा श्याम के दर्शन और पूजन कर पुण्य लाभ लिया। श्याम मंदिर ट्रस्ट के व्यवस्थापक किशोरी लाल सिंघानिया ने बताया कि इस एकादशी को तो अब तक के सारे रिकॉर्ड टूट गए। लोगों ने आधा-आधा किलोमीटर लंबी लाइन लगाकर श्याम प्रभु के दर्शन कर प्रसादी ली। निर्जला एकादशी के अवसर पर लगभग तीन हजार लोगों ने रात्रि में महाप्रसादी में प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर ट्रस्ट द्वारा निर्जला एकादशी के लिए विशेष व्यवस्था कर रखी थी। रात में भजन संध्या कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में लोग बाबा की भक्ति में नाचते गाते भजन करते नजर आए।

● बीएसएफ, सीआईएसएफ, एसएसबी और केऔसुब के जवानों ने चलाया अभियान

# सुरक्षा बलों के जवानों ने किया धरती का श्रृंगार, देश रक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण करने ली शपथ, वृहद अभियान के तहत किया गया पौधरोपण




विश्व पर्यावरण दिवस के बाद से ही धरती का श्रृंगार करने पौधरोपण अभियान लगातार जारी है। देश की रक्षा करने का बीड़ा उठाने वाले सभी सेना के जवानों ने प्रकृति की रक्षा करने अपना कर्तव्य निभाते हुए वृहद रुप में पौधरोपण किया। जिसमें बीएसएफ, सीआईएसएफ, एसएसबी और केऔसुब के जवानों ने वृक्षारोपण करके धरती के प्रति अपना प्यार दिखाया। बीएसएफ दवरा मुख्यालय में 500 से अधिक छायादार और फलदार वृक्षों का रोपण किया।




## बीएसएफ भिलाई का संकल्प, रोपे 500 पौधे

**भिलाई।** सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ भिलाई द्वारा सामरिक मुख्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान 500 पौधे लगाए गए। जिसमें सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों सहित कुल 200 कार्मिकों ने भाग लिया।बीएसएफ छत्तीसगढ़ के महानिरीक्षक आनंद प्रताप सिंह भारतीय पुलिस सेवा ने कहा कि बीएसएफ द्वारा सीमांत मुख्यालय, सीमा सुरक्षा बल, भिलाई में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कुल 500 पौधों का रोपण किया गया। पिछले वर्ष भी हमने बड़ी संख्या में पौधे लगाए थे और इस वर्ष भी हम बड़ी संख्या में पौधे लगाएंगे। हमारा यह कार्यक्रम पूरे बरसात के मौसम में वाहिनी और कम्पनी स्तर तक जारी रहता है। इस बात का भी ध्यान रखते है कि लगाए गए पौधे नष्ट न हों। पर्यावरण को स्वच्छ और संरक्षित रखने में हम सभी की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।







**भिलाई।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर क्षेत्र मुख्यालय भिलाई द्वारा भिलाई स्टील प्लांट मैदान सेक्टर-8, भिलाई में पौधारोपण अभियान चलाया गया। जिसमें क्षेत्रक मुख्यालय भिलाई के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों, जवानों और भिलाई स्टील प्लांट के अधिकारियों व कर्मचारियों ने मिलकर संयुक्त रुप से पौधारोपण किया।

## सीआईसीएएसए हरित भविष्य की ओर बढ़ाया कदम

**भिलाई।** सीआईसीएएसए भिलाई शाखा (सीआईआरसी ऑफ आईसीएआई) द्वारा पर्यावरणीय जागरूकता और सतत विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता दर्शाने वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीए ऋषिकेश यादव, अध्यक्ष सीआईसीएएसए रायपुर ने प्रेरणादायक शब्दों से विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और युवाओं द्वारा संचालित पर्यावरणीय कार्यों के महत्व को दोहराया। साथ ही सीए अंकेश सिन्हा भिलाई शाखा के पूर्व सचिव उपस्थित थे। उन्होंने छात्र समुदाय के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार के सराहनीय कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान सीआईआरसी ऑफ आईसीएआई भिलाई शाखा अध्यक्ष सीए राजेश बाफना उपस्थित थे। सीए ऋषिकेश यादव ने कहा कि "विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति इतना उत्साह और समर्पण देखना सुखद अनूभूति दे रहा है। पर्यावरण संरक्षण की शुरुआत जागरूकता से होती है, और ऐसे छोटे-छोटे कदम बड़ी सकारात्मक परिवर्तन की नींव बन सकते हैं।




## डीएव्ही मॉडल कॉलेज में व्याख्यान माला का आयोजन, एक पेड़ मां के नाम अभियान में जुड़े स्टूडेंट्स



**भिलाई।** डी.ए.व्ही. मॉडल कॉलेज आर्य नगर दुर्ग बी.एड. पाठ्यक्रम द्वारा पर्यावरण जागरुकता के लिए व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। महाविद्यालय के अध्यक्ष विनीत बंसल, उपाध्यक्ष विनीत श्रीवास्तव, सचिव संतोष शर्मा दवरा पर्यावरण को संरक्षित करने और एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर में पौधा रोपण किया। इस अवसर पर ग्रंथालय में शिक्षकों और छात्र-छात्राओं के दवरा व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। जिसमें ऑनलाइन के माध्यम से विभिन्न निःशुल्क वेबसाइट का प्रयोग कर आसानी से किस प्रकार किताबों का चयन कर सकें इसकी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उषा साहू, मधु यादव, एल. शाने विजय, ज्योति सिंह, प्रियंका मिश्रा, सिम्पल शर्मा, लाइब्रेरियन दामिनी साहू और उर्वशी साहू उपस्थित थे।

## तालपुरी के नॉर्थ जोन गार्डन में पौधारोपण

**भिलाई।** तालपुरी बी ब्लॉक के नॉर्थ जोन गार्डन में सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था संपूर्णा महिला क्लब ने एक पेड़ मां के नाम पर वृक्षारोपण किया। गार्डन में विभिन्न प्रकार के फलदार और फूलदार पौधे लगाए गए। जिनमें पीपल, बरगद, पारिजात, आम, नीम, बेल, करंज, कान्हेर, अमलतास तथा जामुन के पौधे शमिल थे। क्लब की अध्यक्ष रेणू श्रीखंडे के नेतृत्व में रोपे गए इन पौधों की नियमित देखभाल, सुरक्षा और संवर्धन की महिलाओं ने शपथ भी ली।
इस अवसर पर लेखिका सरस्वती धानेश्वर ने गार्डन में मौजूद सभी महिलाओं को अपने काव्य संग्रह की एक-एक प्रति भेंट की। वहीं क्लब ने योग शिक्षिका कुमुद बावनकर और सरस्वती को पौधे देकर सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान सचिव शोभा यादव, कोषाध्यक्ष रागिनी अग्रवाल, पुनीता कौशल, मनीषा शुक्ला, अनीता दत्ता, मनीषा हाडगे, कृतिका साव, गायत्री, रितु विश्वकर्मा, अनीता शास्त्री, स्मिता जैन, सुलेखा जैन, निशा सिंह, रश्मि शुक्ला और सरला ने हिस्सा लिया।



## गुड बाय टेंशन अलविदा तनाव का चौथा दिन...

# जैसा सोचोगे वो ही होगा, इसलिए अच्छा सोचें, सर्वशक्तिवान हजार भुजाओं वाला भगवान मेरा साथी हैः बीके पूनम

**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में चल रहे नौ दिवसीय निशुल्क "गुड बाय टेंशन अलविदा तनाव शिविर" के चौथे दिन "आनन्द उत्सव" सत्र में ब्रह्माकुमारी पूनम दीदी ने परम शक्ति परमात्मा का वर्णन करते हुए कहा कि हर एक को जीवन में विपत्ति के समय सच्चा सहारा, सर्व संबंधो का प्यार, सुरक्षा का अनुभव चाहिए। यह सब हम आत्माओं को परमात्मा से जुड़ने पर ही मिलता है । बताया परमात्मा और मनुष्यात्माओं में अंतर जब परमात्मा के बारे में बहुत सी मत हो जाते हैं तो वे स्वयं आकर अपना सत्य परिचय देते हैं। परमात्मा व अन्य मनुष्य आत्माओं की विभिन्न बिन्दुओं द्वारा तुलना कर स्पष्ट करते हुए उन्होंने बताया कि परमात्मा अजन्मा है, जन्म मरण से न्यारा है हम मनुष्यात्माएं जन्म-मरण के चक्र में आती है।



**परमात्मा भोलेनाथ के रूप में सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैः** परमात्मा अवतरित होते हैं। उनका पांच तत्वों का शरीर नहीं हैं। वे सर्वशक्तिमान हैं। जगत नियंता परमात्मा सृष्टि का पालनहार है। वे परमशिक्षक, परम सद्गुरु हैं। वे ज्ञान के सागर हैं, परमात्मा को ही शांति दाता, शक्ति दाता कहा जाता है वे भोलेनाथ के रूप में सभी की मनोकामनाओं को पूर्ण करते है।

### जो आप सोचोगे वो होगा ही इसलिए अच्छा सोचे

ब्रह्माकुमारी पूनम बहन ने अभ्यास कराते हुए स्प्रीचुअल इंजेक्शन (मंत्र) "सर्वशक्तिवान हजार भुजाओं वाला भगवान मेरा साथी है, स्वयं भगवान मेरे मददगार हैं" और इसे विश्वास पूर्वक अनुभव करते हुए बार बार लिखकर अभ्यास करने के लिए होमवर्क दिया। मेरे साथ सब कुछ अच्छा हो रहा है व अच्छा ही होगा, तो जैसा आप सोचेंगे वैसा ही होने लगेगा। इसलिए श्रेष्ठ पॉजिटिव सोचे। सत्र के अंत में सभी बातों को रिवाइज करते पुष्प वर्षा के बीच सच्ची आत्मिक खुशी आनंद उत्सव मनाया गया। जिससे सभी को परमात्म आनंद का सुन्दर अनुभव प्राप्त हुआ।

## बघेरा में शराब भट्ठी नहीं खोलने ब्रम्हाकुमारी बहनों ने ज्ञापन सौंपा



**दुर्ग।** नई आबकारी नीति 2025-26 के तहत बघेरा वार्ड 56 में शराब भट्ठी खोलने के प्रशासन द्वारा किराए के भवन हेतु निविदा निकाला गया है। बघेरा में शराब भट्ठी खोलने की विरोध में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बघेरा दुर्ग से ब्रह्माकुमारी चैतन्य प्रभा, ब्रह्माकुमारी भारती बहन जी एवं संस्था से जुड़े हुए लोग बड़ी संख्या में दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव के निवास पर मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा गया। ब्रह्माकुमारी चैतन्य प्रभा बहन जी ने शहर विधायक गजेंद्र यादव को अवगत कराया कि, वार्ड 56 बघेरा में शराब भट्टी खुलने से असामाजिक तत्वों का जमवाड़ा होगा। जिससे वहां के शांत एवं आध्यात्मिक वातावरण में अशांति उत्पन्न करेंगे। स्कूली बच्चों की शिक्षा में बुरा असर पड़ेगा एवं महिलाओं की आवाजाही में भी बाधा पैदा होगी।

## भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट्स एसोसिएशन की जनहितकारी पहल

# ड्राइवर, हेल्पर और सुपरवाइजरों को पांच लाख बीमा पॉलिसी के साथ सभी को दिया हेलमेट, वितरित किये पौधे

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** भिलाई में ट्रांसपोर्ट क्षेत्र में काम कर रहे ड्राइवरों, हेल्परों और सुपरवाइजरों के लिए सराहनीय पहल की गई है। भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट्स एसोसिएशन के द्वारा प्रदेश में पहली बार एक हजार से अधिक लोगों को 5 लाख रुपए तक की जीवन सुरक्षा बीमा पॉलिसी प्रदान की गई। यह आयोजन भिलाई के खुर्सीपार स्थित एसोसिएशन कार्यालय में किया गया, जहां बड़ी संख्या में एसोसिएशन से जुड़े लोग मौजूद रहे। इस बीमा योजना के साथ ही हेलमेट वितरण और पर्यावरण जागरूकता जैसे कार्य भी किए गए। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों को हेलमेट और पौधे बांटे गए, जिससे न केवल सड़क सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के संयुक्त परिवहन आयुक्त यू.बी.एस. चौहान, एएसपी सुखनंदन राठौर, छावनी सीएसपी हरीश पाटिल, भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी, सीमेंट संगठन के अध्यक्ष अजय शुक्ला और एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे।



### कल्याणकारी योजना की मिसाल

इस अवसर पर संयुक्त परिवहन आयुक्त यू.बी.एस. चौहान ने कहा कि छत्तीसगढ़ ट्रक ट्रेलर संगठन द्वारा लंबे समय से ड्राइवरों, हेल्परों और मैकेनिकों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। यह बीमा योजना उसी प्रयास की एक बड़ी उपलब्धि है, जिसमें 1000 से ज्यादा लोगों को 5 लाख रुपए का बीमा सुरक्षा कवच दिया गया। इसके साथ ही सभी को हेलमेट वितरित किए गए और एक मेगा स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया। यदि सभी लोग यातायात नियमों का पालन करें और हेलमेट जैसी सुरक्षा का उपयोग करें, तो इन घटनाओं में काफी कमी आ सकती है।

### बीमा पॉलिसी के साथ में सभी को दिया हेलमेट

एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने कहा कि संगठन का यह दूसरा वर्ष है और उनकी टीम शुरू से ही ट्रांसपोर्ट क्षेत्र में काम करने वाले लोगों की सुरक्षा और हितों को लेकर सजग रही है। उन्होंने बताया कि आए दिन सड़क हादसों में ड्राइवरों की जान जाती है, और उनके परिवारों को मुआवजा देने वाला कोई नहीं होता। कई बार मृतक के परिजन लाश लेकर सड़क पर बैठ जाते हैं, क्योंकि उनके पास अंतिम संस्कार तक के पैसे नहीं होते। इन्हीं घटनाओं से सीख लेते हुए संगठन ने तय किया कि अब हर ड्राइवर, हेल्पर और सुपरवाइजर को बीमा सुरक्षा दी जाएगी ताकि भविष्य में कोई भी परिवार आर्थिक संकट से न जूझे। इसी सोच के साथ इस वर्ष भी 1100 लोगों को बीमा पॉलिसी करवाई गई और साथ में सभी को हेलमेट भी दिया गया।इस दौरान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सभी उपस्थित लोगों को एक-एक पौधा भेंट किया गया और अनुरोध किया



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## हॉलीवुड स्टार डकोटा और क्रिस मार्टिन के अलगाव को लेकर अफवाहों का बाजार गर्म

'फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे' अभिनेत्री डकोटा जॉनसन और कोल्डप्ले गायक क्रिस मार्टिन हाल ही में चर्चाओं में आ गए हैं। इस बार वजह है दोनों के ब्रेकअप की।



सूत्रों के मुताबिक कहा जा रहा है कि दोनों के बीच आठ सालों का रिश्ता अब खत्म होने जा रहा है। इसकी कुछ वजहें भी सामने आई हैं। जानिए क्या है पूरी खबर।

हॉलीवुड स्टार्स डकोटा जॉनसन और क्रिस मार्टिन को मई महीने और भारत में महाकुंभ के दौरान एक साथ देखा गया था। साल 2017 से एक साथ रहने के बाद अब ये अलग हो रहे हैं। हालांकि, दोनों की तरफ से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। साल 2024 में सूत्रों ने पीपल को बताया कि दोनों ने सालों पहले सगाई कर ली थी। हालांकि, सगाई की अफवाह 2020 में भी सामने आई थी, लेकिन उस समय वे शादी करने को तैयार नहीं थे। पिछले साल अगस्त 2024 में भी इस जोड़े के अलग होने की अफवाहें सामने आई थीं, लेकिन उस समय, जॉनसन के एक प्रतिनिधि ने कथित तौर पर इन दावों को खारिज करते हुए कहा था कि वे खुशी से साथ रह रहे हैं। पीपल की रिपोर्ट के अनुसार, उसी समय एक सूत्र ने कहा, 'ज़रूर, उनके बीच पहले भी कुछ मुद्दे रहे हैं और उन्होंने ब्रेक भी लिया है, लेकिन अब सब ठीक है। वे दोनों अपने करियर से प्यार करते हैं। वे अपनी क्षमता के अनुसार चीजों को संतुलित कर रहे हैं।' वहीं बताते चलें कि दोनों ने अपने रिश्तों को बहुत ही प्राइवेट रखा है। हॉलीवुड अभिनेत्री डकोटा जॉनसन ने अपनी आगामी फिल्म के प्रचार-प्रसार के दौरान रिश्तों के बारे में अपने विचार रखे।

### टॉलीवुड

## बाहुबली 1 और 2 रोमांचक ट्विस्ट के साथ फिर से होगी सिनेमाघरों में रिलीज

निर्देशक एसएस राजामौली की दोनों सुपरहिट फिल्में बाहुबली 1 और बाहुबली 2 अब एक बार फिर से सिनेमाघरों में रिलीज की जा रही है, लेकिन एक ट्विस्ट के साथ।



2015 और 2017 में रिलीज हुई प्रभास की ब्लॉकबस्टर फिल्में 'बाहुबलीः द बिगिनिंग' और 'बाहुबलीः द कन्क्लूजन' में प्रभास, अनुष्का शेट्टी और राणा दग्गुबाती ने मुख्य भूमिकाओं से दर्शकों का दिल जीता। बाहुबली 1 ने 650 करोड़ रुपये से ज्यादा और बाहुबली 2 ने 1,810 करोड़ रुपये की कमाई की। दोनों फिल्मों ने मिलकर 2,460 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की, जिससे यह भारतीय सिनेमा की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फ्रैंचाइज़ी बन गई। हाल ही में कई फिल्मों ने वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया है। इसलिए, बाहुबली के निर्माता अक्टूबर में दोनों फिल्मों को दुनिया भर के सिनेमाघरों में फिर से रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। सबसे खास बात यह है कि वे दोनों फिल्मों के मुख्य सीन्स को मिलाकर एक नई फिल्म बनाकर रिलीज करने का भी प्लान कर रहे हैं। यह एक नया ट्रेंड शुरू कर सकता है। बाहुबली ने तेलुगु सिनेमा की ताकत और शानदार बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन को दिखाया। इस फिल्म ने प्रभास और राजामौली को भारतीय सिनेमा के सबसे बड़ा स्टार बनाया। फिल्म का निर्माण शोबू यारलागड्डा और प्रसाद देवीनेनी ने अर्का मीडिया वर्क्स के तहत किया। इस फिल्म में एमएम कीरवानी का संगीत सुपरहिट रहा।

प्रभास जल्द ही फिल्म 'द राजा साब' में नजर आएंगें। यह एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म है। यह फिल्म इस साल 5 दिसंबर को रिलीज हो रही है। द राजा साब को मारुति ने लिखा और निर्देशित किया है।

### भोजपुरी

## खेसारी का नया गाना रिलीज महिमा के साथ लगाए ठुमके

भोजपुरी इंडस्ट्री के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव अपने अभिनय के साथ-साथ गायिकी के लिए भी मशहूर हैं। फैंस को उनके गाने का बेसब्री से



इंतजार रहता है। एक्टर के गाने यूट्यूब पर जबर्दस्त लोकप्रिय भी होते हैं। आज शुक्रवार को खेसारी का नाया गाना 'मौसमी' रिलीज हुआ है। इसमें वे महिमा सिंह के साथ ठुमके लगाते नजर आए हैं। जानते हैं फैंस का कैसा रिएक्शन है

खेसारी लाल का नया गाना 'मानस रिकॉर्ड्स भोजपुरी' के यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुआ है। इस गाने को खेसारी लाल ने करिश्मा कक्कड़ के साथ मिलकर गाया है। कृष्णा बेदर्दी ने इसके लिरिक्स लिखे हैं। वहीं, महिमा सिंह और खेसारी पर यह गाना फिल्माया गया है।

शुक्रवार 6 जून की सुबह रिलीज हुए इस गाने को चंद घंटे में लाखों व्यूज मिल चुके हैं। हालांकि, खेसारी का यह गाना काफी डबल मीनिंग है। गाने में महिमा फल विक्रेता के रूप में नजर आई हैं। वहीं, खेसारी उनसे खरीदारी करते हैं। हर बार की तरह खेसारी ने इस गाने में भी शानदार डांस किया है। रिलीज के पांच घंटे के अंदर गाने को एक लाख 84 हजार से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। गाने पर यूजर्स की मिलीजुली प्रतिक्रिया आ रही है। खेसारी के फैंस काफी उत्साहित हैं। एक यूजर ने लिखा, 'जो हर जगह अपना जलवा दिखाए उसे बिहारी कहते हैं। जो भोजपुरी इंडस्ट्री में अपना झंडा लहरा दे उसे खेसारी कहते हैं'।

### लाइफ स्टाइल

#### इस्लामिक देशों का फैशन



दुनिया भर के इस्लामिक ड्रेसकोड में खास बात हिजाब की रहती है। हाल ही में वोग अरबिया के लॉन्च से लेकर यूनिक्लो और डोल्से एंड गब्बाना के मामूली फैशन लाइनों में शामिल होने तक इस्लामी शैली को खूब तारीफ मिली। सैन फ्रांसिस्को में इस्लामी संस्कृति को समर्पित अपनी तरह की पहली प्रदर्शनी हाल ही में लगाई गई। जिसमें मलेशिया का फैशन बेहद पसंद किया गया।

## गोल्डन लटकन के डिजाइंस हैं सबसे अलग, खिल उठेगा आपका रूप

बाजार में रेडीमेड कपड़े मिलते हैं उसमें कोई भी लटकन को लगा दिया जाता है। इससे कई बार ड्रेस अच्छी नहीं लगती है। ऐसे में आप अपनी पसंद की गोल्डन लटकन लगा सकती हैं। इससे आपका आउटफिट सुंदर लगेगा।

### गोल्डन बीड्स वाली लटकन

अगर आप सूट, साड़ी के ब्लाउज या लहंगे में लगाने के लिए लटकन सर्च कर रही हैं, तो इसके लिए आप इन बीड्स वाली लटकन लगा सकती हैं। इसे आप पीछे बैक डिजाइन वाली डोरी पर भी लगा सकती हैं। साथ ही, आगे अगर आप डोरी डिजाइन के लिए लगा रही हैं, तो उसपर भी इस तरह की लटकन को लगा सकती हैं।

### गोल्डन बटन डिजाइन वाली लटकन

आप कुछ नया ट्राई करने के लिए इस बटन डिजाइन वाले लटकन को भी अपने आउटफिट में लगा सकती हैं। इससे आपका आउटफिट फैंसी लगेगा। इसमें आपको बटन और बीड्स के साथ लटकन का डिजाइन मिलेगा। इसे आप ब्लाउज में लगा सकती हैं। साथ ही, लहंगा या अन्य आउटफिट में इसे लगा सकती हैं।

### मिरर वर्क लटकन डिजाइन


अगर आपको अपने आउटफिट को फैंसी बनाना है, तो इसके लिए




आप इस मिरर वर्क वाली लटकन को लगा सकती हैं। इसमें आपको राउंड से लेकर स्क्वेयर डिजाइन में यह लटकन मिल जाएगी। जिसे आप सूट, साड़ी के ब्लाउज और लहंगे में लगा सकती हैं।

## मंगलसूत्र के कुछ खास डिजाइंस जो आपके मन भाएंगे





पुराने ट्रेडिशनल लगने वाले मंगलसूत्र के डिजाइंस से अगर आपका मन भी ऊब गया है, तो कुछ लेटेस्ट डिजाइन आप एक बार ट्राई कर सकती हैं। जब मंगलसूत्र डिजाइन का चुनाव करने की बारी आती है, तब हम बहुत ही कंफ्यूज हो जाते हैं। हमें बहुत सारी बातों का ध्यान रखना पड़ता कि मंगलसूत्र हैवी हो या लाइट, उसकी कीमत हमारे बजट में हो और दिखने में सबसे अलग भी नजर आए।





### अमेरिकन डायमंड मंगलसूत्र डिजाइंस

अब काले मोती की लड़ में सोने का लटकटा पेंडेंट वाला मंगलसूत्र आउटडेटेड हो चला है। अब जमान फैंसी लुक वाले मंगलसूत्र का है और सोने के मंगलसूत्र में आपको बहुत सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। आप यदि बहुत ज्यादा महंगा मंगलसूत्र नहीं खरीदना चाहती हैं, तो 14, 18 और 20 कैरेट गोल्ड में आपको लाइटवेट मंगलसूत्र मिल जाएगा। आप इस तरह के मंगलसूत्र में अमेरिकन डायमंड वाला छोटा या बड़ा पेंडेंट भी लगवा सकती हैं। जहां तक बात काले मोती की है, तो अब शगुन के 11 या 21 काले मोती के साथ भी मंगल सूत्र तैयार हो रहे हैं, तो आप भी अपने लिए ऑर्डर पर ऐसा ही मंगलसूत्र बनवा सकती हैं।

### नाम और फोटो वाले मंगलसूत्र डिजाइंस

नाम वाले मंगलसूत्र का फैशन नया नहीं है, मगर इस डिजाइन का क्रेज अभी तक महिलाओं के अंदर है और अब इसमें नया अपडेट यह है कि आपको फोटो फ्रेम के साथ इस तरह के मंगलसूत्र मिल जाएंगे, जिसमें आप अपनी शादी की तस्वीर या फिर पति की फोटो लगवा सकती हैं। यदि दिखने में बहुत अच्छे लगते हैं। इस तरह के मंगलसूत्र में आपको डिजाइन ऑप्शन कम मिलेंगे, मगर आप फॉन्ट को अपनी पसंद के अनुसार चुनकर मंगलसूत्र को थोड़ा नया लुक दे सकती हैं। यह मंगलसूत्र भी आपको ऑर्डर पर बनवाना होगा और इसमें अधिकांश लाइटवेट मंगलसूत्र ही आपके देखने को मिलेंगे।

## लिपस्टिक को फ्रिज में रखना कितना जरूरी, जानिए

मेकअप करना हम सभी पसंद करते हैं और इसमें सबसे ज्यादा लिपस्टिक को होंठों पर हम लगाते हैं। वहीं गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। इस मौसम में अक्सर हम लिपस्टिक को स्टोर करने के लिए अलग-अलग तरीकों को आजमाते हैं। ऐसे ही सबसे ज्यादा हमने देखा होगा कि लिपस्टिक को फ्रिज में रखा जाता है। आखिर यह क्यों किया जाता है और यह कितना सही है? क्या आप जानते हैं? लिपस्टिक के कई प्रकार होते हैं और सभी टेक्सचर को हम फ्रिज में नहीं रख सकते हैं। अक्सर गर्मी के मौसम में हम ज्यादातर क्रेयॉन या वैक्स लिपस्टिक को पिघलने से बचाने के लिए फ्रिज में रखना पसंद करते हैं। इसके अलावा लिप्स को गर्मी के मौसम में ठंडक देने के लिए भी लिपस्टिक को फ्रिज में रखा जाता है।

### किस तरह की लिपस्टिक को फ्रिज में रखना चाहिए?

मार्केट में आपको अनेक प्रकार की लिपस्टिक टेक्सचर देखने को मिल जाएंगे। इसमें ज्यादातर आपको क्रेयॉन और लिक्विड प्रोडक्ट्स देखने को मिलेंगे। बता दें कि मैट,



ग्लॉस और सेमी मैट लिपस्टिक को स्टोर करने के तरीके एक दूसरे से बिल्कुल अलग होते हैं। ज्यादातर क्रेयॉन में मिलने ग्लॉसी और सेमी मैट लिपस्टिक को गर्मी के मौसम में पिघलने से बचाने के लिए आप इसे फ्रिज में रख सकती हैं। वहीं लिक्विड में केवल ग्लॉस या शाइन वाली लिपस्टिक को आप फ्रिज में रख सकती हैं। ज्यादातर लिपस्टिक में ग्लॉस और मैट फिनिश को पसंद किया जाता है। ऐसे में हमें केवल ग्लॉस या शाइन वाली लिपस्टिक को ही फ्रिज में रखना चाहिए। गलती से भी आपको फ्रिज में मैट फिनिश लिपस्टिक को नहीं रखना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि मैट लिपस्टिक में ऑयली प्रदार्थ कम होते हैं और फ्रिज में रखी हुई लिपस्टिक को सीधे होंठों पर लगाने से ये लिप्स को ड्राई कर सकती हैं।

## आंखों के नीचे पड़ रहे हैं एजिंग स्पॉट्स, तो अपनाएं ये ब्यूटी हैक्स

40 की उम्र होने के बाद आखों के नीचे पड़ रही हैं झाइयां, तो ये घरेलू नुस्खे आपके आ सकते हैं काम। एक बार जरूर ट्राई करके देखें। उम्र बढ़ने के साथ-साथ त्वचा में बहुत सारे बदलाव आते हैं। आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स आना या फिर झाइयां पड़ना भी इन्हीं में से एक। यह दिक्कत आम तौर पर हर किसी को उम्र के 35वें पड़ाव पर पहुंचते-पहुंचते हो जाती है। खासतौर पर 40 की उम्र की महिलाओं के चेहरे पर आपको एजिंग स्पॉट्स नजर आए जाएंगे। ब्यूटी एक्सपर्ट डॉक्टर भारती तनेजा कहती हैं, ₹ आंखों के नीचे का हिस्सा गतिशील नहीं होता है, इसलिए एजिंग स्पॉट्स आने की सबसे ज्यादा संभावनाएं वहीं होती हैं। इसलिए आपको चेहरे की मसाज नियमित करनी चाहिए और आप रसोई में मौजूद कुछ चीजों का भी प्रयोग कर सकती हैं। ₹ एज फैक्टर के अलावा इसके दो कारण हो सकते हैं। पहले तो यह कि आंखों के नीचे आप मसाज नहीं करती हैं और दूसरा यह कि आप बहुत ज्यादा धूप में रहती हैं। दरअसल, धूप में रहने की वजह से त्वचा में मेलेनिन ज्यादा बनने लगता है और



इससे चेहरे पर डार्क स्पॉट्स उभर आते हैं। एलोवेरा जेल और गुलाबजल को मिक्स करके आइस ट्रे में मिश्रण को डालें और आइस क्यूब्स बना लें। फिर आप इन आइस क्यूब्स को आंखों के नीचे लगाएं। नियमित रूप से आप 5 मिनट ऐसा करें। इससे आपकी आंखों के नीचे के डार्क सर्कल्स और स्पॉट्स दोनों ही गायब हो जाते हैं। ग्रीन-टी के पानी में नींबू के रस की 5 बूंद मिक्स करें और इसे ठंडा कर लें। फिर आप इस मिश्रण में कॉटन बॉल्स को डिप करें और इस मिश्रण को आंखों के आस-पास लगाएं। इस मिश्रण को आप लगा छोड़ सकती हैं।

### कार्नर न्यूज

#### पुरुषों के लिए फैशन में ऑप्शन कम, चुनें सावधानी से

## जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग के लिए अपनाइए स्टाइलिश और मिनिमल लुक, मुड़-मुड़ कर देखेंगे लोग

कुछ फैशन जेंडर न्यूट्रल होते है। जिसमें आत्मविश्वास, आराम और बेहतरीन लुक बराबर मिलेगा। मगर कुछ खास टिप्स आजमाने के बाद। ऐसे मौके पर पुरुष इन्हें अपना सकते हैं जब उनके पास विकल्प कम हो।

जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग ऐसी होती है जो किसी एक जेंडर को नहीं दिखाती है। बल्कि इसे किसी भी जेंडर के फैशन में शामिल किया जा सकता है। इसको आजमाने का आपने भी इरादा किया है तो चलिए खास टिप्स जान लीजिए-

### सफेद शर्ट सबकी फेवरेट

सफेद शर्ट के साथ जींस आपने कई बार पहनी होगी। लेकिन क्या कभी सोचा है कि ये लुक जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग का ही हिस्सा है। सफेद शर्ट किसी भी बॉटम पर चल जाती है और अच्छी भी सभी पर लगती है। अगर आपको थोड़ा स्टाइलिश लगना है तो इसके ऊपर के दो चार बटन खोले भी जा सकते हैं।

### जेंडर न्यूट्रल एसेसरीज

जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग के लिए



आप एसेसरीज का सहारा भी ले सकते हैं। ये वो एसेसरीज हैं जो किसी भी जेंडर की ड्रेसिंग में आराम से शामिल हो जाते है। इन एसेसरीज को पहचान लीजिए-सस्पेंडर बेसबॉल कैप स्कार्फ बेल्ट जैकेट के लिए पिन टाई सनग्लासेस

### 3.ब्लेजर हैं बेस्ट

ब्लेजर ऐसा पहनावा हैं जो किसी भी ड्रेसिंग में आराम से शामिल हो जाते हैं। ये किसी भी लुक को बेहतर करने में मदद भी करते हैं। इसलिए अगर आप जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग कर रहे हैं तो एक अच्छा डार्क कलर का ब्लेजर आप पर बहुत अच्छा लगेगा।

### डबल स्लीव्स वाला फैशन

कुछ साल पहले तक ये फैशन काफी इन था। इसमें फुल स्लीव की टीशर्ट के ऊपर हाफ स्लीव टी शर्ट पहनी जाती थी। इसके साथ कार्गो का ढीला ढाला लुक काफी अच्छा लगता था।

ये पूरा लुक भी जेंडर न्यूट्रल लुक है। इसको आप पहनिए और जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग



अपनाइए। इसमें कोशिश कीजिए दोनों में से एक टी शर्ट डार्क कलर की तो एक टी शर्ट हलके रंग की हो। नीचे वाली हलके रंग में अच्छी लगेगी।

### ग्राफिक जींस भी तो हैं न

ग्राफिक जींस भी ऐसी होती हैं जो हर जेंडर पर सूट करती हैं। इसको कई बार लोग थोड़ी ढीली पहनते हैं और इसके साथ स्किनी जींस से लुक पूरा करते हैं।

लेकिन ये टी शर्ट स्ट्रेट जींस के साथ भी बेहतरीन लगती हैं। लेकिन हां, इन टी शर्ट के साथ ब्लू जींस पहनकर आप ऊब चुके हैं तो आप ग्रे जींस भी चुन सकते हैं। ग्रे जींस के साथ हलके रंग की टी शर्ट ही नहीं डार्क कलर की टीशर्ट भी अच्छी लगती हैं। ग्राफिक का लुक आप खुद ही चुन सकते हैं। इस लुक पर फ्लोरोसेंट कलर वाली टीशर्ट भी अच्छी लगती हैं। इसलिए अगर अभी तक आप इन रंगों को पहनने से बचते थे तो अब ऐसा न कीजिए। अब इनको भी लुक में आराम से शामिल कीजिए।